

MPHIN/2021/83938

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 25 | ग्वालियर,सोमवार 7 अक्टूबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# सीएम मोहन यादव सख्त, खराब सड़क बनाने वाले 9 ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

मध्य प्रदेश में सड़क की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा. खराब सड़क बनाने वाले ठेकेदार नपेंगे. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लापरवाह ठेकेदारों के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर दिया है. मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद खराब सड़क बनाने वाले 9 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड किया गया है, जबकि 21 अफसर और 173 ठेकेदारों को नोटिस दिए गए हैं. बता दें कि प्रदेश में हुई झमाझम बारिश ने सड़कों की गुणवत्ता का भंडाफोड़ कर दिया. निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल से 36 हजार किलोमीटर की सड़क खराब हुई है.शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक ली. बैठक में उन्होंने प्रदेश की खराब सड़कों पर कड़ी नाराजगी जताई. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने का आदेश दिया. उन्होंने बैठक में वाहन चालकों की



परेशानी का जिक्र किया. मालूम हो कि प्रदेश में सड़कों की शिकायत के लिए सरकार ने एप की शुरुआत की है. एप पर सड़कों की जानकारी डालने के 7 दिन में सुधार का दावा किया गया है.

### 21 अफसर और 173 ठेकेदारों को मिला नोटिस

-अभी तक 46, 516 किलोमीटर सड़कें एप पर रजिस्टर हुई हैं. पाया गया कि प्रदेश में 36 हजार किलोमीटर लंबी सड़क खराब हुई है. ऐसे में सड़कों का सही ढंग से रखरखाव नहीं कर पाने वाले 21 अधिकारियों और 173 ठेकेदारों को नोटिस थमाये गये. मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद 9 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर 73 लाख 30 हजार रुपये राजसात करने का भी आदेश जारी हो गया है. समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव को अब तक की कार्रवाई का अपडेट दिया गया.

### खराब सड़कों पर मुख्यमंत्री मोहन यादव सख्त

-अधिकारियों ने बताया कि एमपीआरडीसी ने ओएमटी योजना के तहत मार्गों पर तीन निवेशकर्ताओं से टोल अधिकार वापस लिए. इसके अलावा ठेकेदारों पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 30 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है. मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश के 21 जिलों में चयनित 41 डामरीकृत सड़कों पर व्हाइट टॉपिंग कार्य का पायलट प्रोजेक्ट लिया जा रहा है.

## न्यूज ट्रैक

### 16 साल से ससुराल में कैद थी महिला, पिता की शिकायत पर पुलिस ने बचाया, अस्पताल में भर्ती



मध्य प्रदेश के भोपाल में विवाहित महिला को करीब 16 साल से कैद करने का मामला सामने आया है. महिला के ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा है. पिता की शिकायत के बाद महिला थाना पुलिस ने महिला को ससुरालवालों के कैद से छुड़ाया. बताया जा रहा है कि महिला की हालत गंभीर है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला 2008 से अपने मायके के परिवार से नहीं मिली है. उसे अपने परिवार से मिलने से रोका गया था. महिला के कैद और प्रताड़ित किए जाने के पीछे का सही कारण उसके ससुराल वालों के बयान दर्ज होने के बाद ही सामने आएगा. महिला थाना प्रभारी शिल्पा कौरव ने बताया कि शिकायत नरसिंहपुर निवासी 75 वर्षीय किशनलाल साहू ने दर्ज कराई है.टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक पीड़ित महिला के पिता किशनलाल ने कहा,उनकी बेटी रानू साहू की शादी 2006 में हुई थी, लेकिन 2008 के बाद से उसके ससुराल वालों ने उसे उसके मायके परिवार से मिलने नहीं दिया.हालांकि किशनलाल और उनके परिवार को कभी-कभी पड़ोसियों से उनकी बेटी रानू और उसके दो बच्चों के हालचाल को लेकर सूचना दी जाती थी, लेकिन हाल ही में उन्हें पता चला कि उनकी तबीयत खराब हो गई थी.इसके बाद चिंतित किशनलाल ने अपनी बेटी को बचाने के लिए पुलिस से मदद मांगी. शिकायत के बाद महिला थाना पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और जहांगीराबाद पुलिस से सहायता का आग्रह किया. थाना प्रभारी कौरव ने बताया कि पुलिस टीम के साथ बताए गए पते पर पहुंचने पर रानू के ससुराल वालों ने बताया कि वह घर की दूसरी मंजिल पर है.पुलिस ने उस महिला को प्लास्टिक से बनी खाट पर लेटा हुआ पाया, उसके बगल में एक प्लेट में चपाती का एक टुकड़ा और आलू के कुछ टुकड़े रखे हुए थे. वह बोलने या संवाद करने की स्थिति में नहीं थी. पुलिस ने तुरंत उसे बचाया और तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. उनके पति को भी उनके साथ रहने के लिए अस्पताल भेजा गया था. थाना प्रभारी कौरव ने बताया कि बुजुर्ग पिता की शिकायत की गहनता से जांच की जाएगी.

### देवास जिले की सहकारी साख संस्था में 86 लाख का घोटाला, पद के हिसाब से पैसों का हुआ बंटवारा, FIR दर्ज



देवास जिले के सोनवानी गोपाल की साख सहकारी संस्था में 86 लाख रुपये से अधिक का घोटाला सामने आया है. इस मामले में चपरासी से लेकर शाखा प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है. इस मामले में अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है.देवास कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि विजयगंज मंडी थाना क्षेत्र में आने वाली साख सहकारी संस्था सुनवानी गोपाल में 86 लाख 21,632 रुपये की गड़बड़ी का मामला सामने आया था. इस मामले में शिकायत मिलने के बाद प्रकरण की जांच की गई. शिकायत पूरी तरह सही पाई गई, जिसके बाद विजयगंज मंडी थाने में तीन लोगों के खिलाफ आर्थिक अनियमितता करने का अपराध दर्ज करवाया गया है. पूरे मामले में संस्था के सहायक प्रबंधक माखनलाल पिता गेंदालाल, सेल्समैन राजेश पिता सिद्धनाथ और भृत्य लक्ष्मी नारायण पिता हीरालाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है. तीनों ने अपने कार्यकाल के दौरान किसानों के साथ धोखाधड़ी करते हुए संस्था को 86 लाख 21 हजार से अधिक का नुकसान पहुंचाया. पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.राष्ट्रीयकृत बैंक से संबद्ध सोनवानी गोपाल की सहकारी साख संस्था में हुए घोटाले की राशि को गड़बड़ी करने वालों ने अपने पद के मुताबिक बांट लिया. पुलिस के मुताबिक जांच रिपोर्ट के दौरान यह पाया गया कि सहायक प्रबंधक माखनलाल ने 77 लाख 7641, राजेश ने 3 लाख 218 रुपये और चपरासी लक्ष्मी नारायण ने चार लाख 11 हजार 873 की राशि की गड़बड़ी की है.इसके अलावा राजेश और लक्ष्मी नारायण ने मिलकर 50 लाख हजार रुपये हजम कर लिए. इस प्रकार यह गड़बड़ी 86 लाख 21 हजार रुपये से अधिक की पाई गई.

### नर्मदा घाट पर साड़ी का पर्दा लगाकर हुई महिला की डिलीवरी, मामले में जांच शुरू



मध्य प्रदेश के खंडवा का एक वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है, जिसमें साड़ी का पर्दा लगाकर नर्मदा नदी के किनारे एक महिला की खुले में डिलीवरी करवाई जा रही है. इंदौर-इच्छापुर सड़क मार्ग पर स्थित मोरटक्का में महिला की डिलीवरी के समय स्वास्थ्य विभाग की एक नर्स भी मौजूद रही, लेकिन धूप होने की वजह से वो किनारे बैठ कर तमाशा देखती रहीं.नदी पर स्थित खेड़ी घाट पर हर रोज कई श्रद्धालु आते हैं, इसलिए यहां फूल और पूजन सामग्री की कई दुकानें भी हैं. यहीं पर पूजा सामग्री बेचने वाली एक महिला को लेबर पेन हुआ. इसके बाद महिला को वहीं पर पड़े बेंच पर लिटा दिया गया. साथ ही स्वास्थ्य केंद्र को भी सूचना दी गई. जिसके बाद मौके पर एक नर्स पहुंची, लेकिन उसने महिला की डिलीवरी करने के बजाए उसे दर्द में कराहता छोड़कर धूप से बचने के लिए किनारे बैठ गई.इसके बाद घाट पर मौजूद अन्य महिलाओं ने साड़ी का पर्दा लगाकर महिला का प्रसव करवाया. इस दौरान किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया.

## इंदौर में साइबर ठगों ने साइंटिस्ट को बनाया शिकार, डिजिटल अरेस्ट कर 71 लाख से ज्यादा की ठगी

इंदौर में डिजिटल अरेस्ट के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है. ठगों ने फर्जी कॉल के माध्यम से लोगों को डराने और धोखा देने का नया तरीका अपनाया है.इंदौर क्राइम ब्रांच में कुछ ही महीनों में डिजिटल अरेस्ट के 28 मामले रजिस्टर किए गए हैं, जिनमें कुल दो करोड़ 22 लाख रुपये की ठगी हुई है.क्राइम ब्रांच ने अब तक 70 लाख रुपये रिकवर कर फरियादियों को कोर्ट द्वारा दिए हैं, वहीं एक ताजा मामला फिर से क्राइम ब्रांच के पास पहुंचा है. इस मामले में इंदौर के वैज्ञानिक को 6 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 71 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई. शिकायत के बाद, इंदौर क्राइम ब्रांच ने ठग का अकाउंट फ्रीज कर दिया है.पीड़ित ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की कि व्हाट्सएप कॉल के जरिए ठगों ने फोन कर खुद को मुंबई और दिल्ली क्राइम ब्रांच और सीबीआई के अधिकारी बताकर उनसे बात की और लाखों रुपये ठग लिए. फिलहाल, पूरे मामले को लेकर क्राइम ब्रांच आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है.पीड़ित ने बताया कि उसे व्हाट्सएप कॉल के जरिए संपर्क किया गया, जिसमें आरोपी ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए कहा कि उसे जांच में शामिल होना है. ठग ने साइंटिस्ट को यह विश्वास दिलाया कि उसे किसी बड़े मामले में फंसाया जा रहा है और उससे पैसों की जरूरत है. यह सुनकर पीड़ित घबरा गया और उसने ठग के निर्देशों के अनुसार पैसे ट्रांसफर कर दिए.क्राइम ब्रांच ने ठग के बैंक खाते को फ्रीज कर दिया है और अब आरोपी की तलाश में जुटी हुई है. यह पहला मामला नहीं है; इसके पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां लोगों को इसी तरह की ठगी का सामना करना पड़ा है.राजेश दंडोतिया, अतिरिक्त डीसीपी क्राइम ने कहा, ÷हम सभी पीड़ितों से अपील करते हैं कि वे सतर्क रहें और ऐसे ठगी के मामलों की सूचना तुरंत हमें दें. हम अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं.डिजिटल अरेस्ट का तात्पर्य है कि ठग ऑनलाइन प्लेटफार्मों का उपयोग कर लोगों को यह विश्वास दिलाते हैं कि वे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी हैं. वे धोखाधड़ी के माध्यम से लोगों को इस प्रकार से फंसाते हैं कि लोग खुद को अपराधी समझने लगते हैं और डर के मारे अपने पैसे उनके खातों में ट्रांसफर कर देते हैं. ऐसे मामलों में ठगों ने तकनीकी साधनों का प्रयोग कर न केवल आम जनता को, बल्कि शिक्षित और पेशेवर व्यक्तियों को भी निशाना बनाया है.



### मध्य प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव की हलचल तेज, कांग्रेस ने कमेटी बनाकर इन्हें दी जिम्मेदारी

मध्य प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए हलचल शुरू हो गई है.



कांग्रेस ने उपचुनाव की तैयारी के लिए एक कमेटी का गठन किया है. बुधनी और विजयपुर उपचुनाव के लिए ये कमेटी गठित की गई है. विजयपुर विधानसभा की जिम्मेदारी राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विधायक जयवर्धन सिंह, पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह यादव और नीतू शिखरवार को सौंपी गई है. तो वहीं बुधनी विधानसभा की ज़िम्मेदारी पूर्व सांसद अरुण यादव, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल को मिली है. बता दें कि विजयपुर सीट से छह बार के कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत ने लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी जॉइन कर ली थी. लेकिन करीब डेढ़ महीने तक उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया. 8 जुलाई को रावत ने कैबिनेट मंत्री की शपथ ली और विधायकी से इस्तीफा दे दिया. ऐसे में रामनिवास रावत का बीजेपी से लड़ना तय माना जा रहा है. हालांकि ये सीट कांग्रेस के प्रभाव वाली रही है. इसलिए कांग्रेस इस सीट पर जीत को बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लगा रही है.सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीट पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के इस्तीफे के बाद खाली हुई है. इसलिए कांग्रेस के लिए इस सीट पर एक मजबूत टिकाऊ चेहरा खोजना बड़ी चुनौती है. फिलहाल कांग्रेस के पास शिवराज सिंह चौहान के प्रभाव वाली इस सीट पर कोई मजबूत चेहरा नहीं दिखाई दे रहा.ऐसे में कांग्रेस यहां दमदार और असरदार उम्मीदवार खोज रही है. वहीं इस सीट की ज़िम्मेदारी पूर्व सांसद अरुण यादव, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल को दी गई है ताकि जीत की दावेदारी को मजबूत किया जा सके.

### सीएम योगी का प्रयागराज दौरा, महाकुंभ की वेबसाइट और मोबाइल एप लॉन्चिंग,

सीएम योगी आदित्यनाथ का महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर शनिवार को प्रयागराज के दौरे पर रहेंगे. मुख्यमंत्री प्रयागराज में करीब सवा छह घंटे तक रहेंगे, जिसका मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी हो चुका है. वह सुबह 10 बजे प्रयागराज आएंगे. हेलीपैड से संगम नोज जाएंगे इसके बाद संगम दर्शन और गंगा पूजन करेंगेमुख्यमंत्री अक्षय वट, पातालपुरी और सरस्वती कूप का दर्शन और स्मार्ट सिटी से हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे. इसके बाद सीएम योगी बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन और कॉरिडोर निर्माण का निरीक्षण करेंगे. 10÷45 बजे पर सीएम योगी हनुमान मंदिर से परेड स्थित बैठक स्थल के लिए रवाना होंगे. परेड में सीएम योगी अखाड़ा परिषद के साधु संतों के साथ बैठक करेंगे. यहां पर सीएम योगी महाकुंभ 2025 के प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं के संबंध में तैयार लघु फिल्म भी देखेंगे. सीएम सभी 13 अखाड़ों के एक-एक प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे. खाक चौक, दंडीबाडा, आचार्य बाड़ा और प्रयागवाल के दो-दो प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री संवाद करेंगे.दोपहर 12÷05 पर सीएम योगी बैठक स्थल से आई ट्रिपल सी सभागार पहुंचेंगे.

### शांतरशाह गैंगरेप और जिम ट्रेनर की हत्या मामले में हरीश रावत ने धामी सरकार को घेरा,



उत्तराखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राज्य की बीजेपी सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर जुबानी हमला बोला है. उन्होंने हरिद्वार के दो बड़े मामलों शांतरशाह की बेटी निर्भया और सोहलपुर गाड़ा के वसीम की मौत मामले में न्याय की मांग की.पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि इन दोनों ही मामलों में न्याय तभी संभव है, जब एक उच्च स्तरीय एसआईटी (विशेष जांच दल) की स्थापना की जाए और इसकी जांच हाईकोर्ट की देख-रेख में की जाए.हरीश रावत ने शांतरशाह की बेटी निर्भया के साथ हुए गैंगरेप के मामले में आरोप लगाया कि राज्य सरकार आरोपी बीजेपी नेता को बचाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि यह मामला इतना गंभीर है कि निष्पक्ष जांच के लिए हाईकोर्ट की निगरानी में एक उच्च स्तरीय एसआईटी की जरूरत है.रावत के मुताबिक, राज्य सरकार इस मामले में न्याय देने की बजाय अपराधियों को लगातार बचाने की कोशिश कर रही है.

### सरकारी वकील के ऑफिस में फांसी के फंदे पर झूला हाई कोर्ट का संविदाकमी

जयपुर के अशोक नगर थाना क्षेत्र में स्थित सरकारी वकील के कार्यालय में एक संविदाकर्मी का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (अशोक नगर) बालाराम ने बताया कि 34 वर्षीय संविदाकर्मी मनीष सैनी का शव वकील कार्यालय में फंदे से लटका मिला। वह बांदीकुई का रहने वाला था। सैनी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और मुआवजा देने की मांग को लेकर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार को पीड़ित परिजनों की आर्थिक सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए। पूर्व सीएम गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, शुक्रवार को राजस्थान हाई कोर्ट में संविदा कर्मचारी मनीष सैनी द्वारा आत्महत्या किया जाना बेहद दुखद है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं।

### पैगंबर मोहम्मद पर नरसिंहानंद की विवादित टिप्पणी का विरोध, मुस्लिम समाज ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में महंत यति नरसिंहानंद द्वारा पैगबंद मोहम्मद पर दिए गए बयान को लेकर शनिवार ( 5 अक्तूबर ) को विरोध जताया गया. कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चोरी मिश्रा को ज्ञापन सौंपा. विधायक मसूद ने कहा, ÷हमारे नबी के बारे में बार-बार साजिश के तहत नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है.÷विधायक मसूद ने कहा, ÷ये किया नहीं जा रहा बल्कि कराया जा रहा है. पहले महाराष्ट्र से एक नेता ने बोला अब गाजियाबाद में बोला गया, लेकिन इनके खिलाफ छोटी-मोटी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाता है और बाद में इनको रिहा कर दिया जाता है. इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने की वजह से ऐसे लोगों की दोबारा हिम्मत बढ़ जाती है और वो इस तरह की बयानबाजी करते हैं.÷ विधायक ने कहा, ÷नवरात्रि का पर्व चल रहा है, ऐसे में समाज विशेष के लिए दिए गए इस तरह के बयान कहां तक उचित हैं. ऐसे बयान जानकर दिए जा रहे हैं जिससे घटनाएं घटित हो. बीजेपी नफरत फैलाने में माहिर है. यदि इस मामले की सही ढंग से जांच होगी तो इनकी पूरी साजिश सामने आएगी.÷उन्होंने कहा, ÷हमने किसी पीर, वली, संत का प्रवचन जब भी सुना तो वो सद्भाव, प्रेमभाव और प्रेरणा के प्रवचन ही देते हैं. कोई संत-मौलाना ये नहीं कहता कि दूसरे का बुरा करो. यदि कोई इस तरह की टिप्पणी करता है तो मैं समझता हूं कि वह संत नहीं है.÷अपने बयानों को लेकर विवादों में बने रहते हैं



## मेरठ में अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश, आरोपी इकराम और माशूक गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने उत्तर प्रदेश के मेरठ में छापा मारकर अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है. इस मामले में क्राइम ब्रांच ने इकराम और माशूक नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दिल्ली पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी इकराम मेरठ से दिल्ली कुछ क्रिमिनल्स को अवैध हथियार सप्लाई करने आया था. मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने इसे घर दबोचा. क्राइम ब्रांच ने इसके पास से दो देसी पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं.इकरम ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने ये हथियार मेरठ के रहने वाले माशूक नाम के शख्स से खरीदे थे. इस इन्फॉर्मेशन को और डेवलप किया गया और फिर क्राइम ब्रांच ने इकराम से मिली जानकारी के आधार पर मीरुथ में छापा मारकर माशूक नाम के शख्स को गिरफ्तार कर लिया.माशूक ने



क्राइम ब्रांच को बताया कि उसने मेरठ में ही एक फ्लैट में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री बना रखी है. जहां पर रेड्स की गई और क्राइम ब्रांच 14 देसी पिस्टल, 41 बैरल्स और 8 हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए. पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वो अब तक 80 देसी तमंचे बना चुका है.माशूक 10वीं क्लास तक पड़ा हुआ है और एक मोबाइल की दुकान चलाता था. इसके ऊपर आर्म्स एक्ट के दर्जनों मुकदमों के अलावा धोखाधड़ी, शादी के नाम पर मुस्लिम महिला के साथ धोखाधड़ी एक्ट के मामले दर्ज हैं. क्राइम ब्रांच ने अभी तक 16 देसी पिस्टल, 41 बैरल्स और 8 हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं. इसके साथ ही अभी तक ये कितने क्रिमिनल्स को हथियार सप्लाई कर चुका है इसकी जांच की जा रही है.

# शस्त्र की रक्षा लिए शक्ति आवश्यक है-राजपाल सिंह



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

दबोह- प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर दबोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सालेय विद्यार्थियों का पथ संचलन निकाला गया।जो नगर के सरस्वती शिशु विद्यालय से प्रारंभ हुआ और नगर के कोंच रोड,छिन्नमस्ता मंदिर होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पर समापन किया गया।इसमें वक्ता जिला प्रचारक राजपाल जी ने कहा कि विजया दशमी का पर्व अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है भगवान श्री राम ने बानर सेना को संगठित करके राक्षसी शक्तियों के विरुद्ध खड़ा किया एवं उन पर विजय प्राप्त की विजया दशमी के पहले 9 दिन शक्ति की आराधना की जाती है क्योंकि शास्त्र की रक्षा करने के लिए शक्ति आवश्यक है इसलिए विजया दशमी के दिन शस्त्र पूजन का विधान है।विजया दशमी के दिन ही डॉ हेडगेवार ने सन 1925 में नागपुर में संघ की स्थापना की थी संघ का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करके भारत को परम वैभव पर ले जाना है।उसके लिए जो जो आवश्यक स्वयंसेवक सभी काम करेंगे संघ हमेशा से ही राष्ट सर्वोपरि भावना को लेकर काम करता है।एक समय ऐसा था जब जब हिंदू समाज आत्मविस्मृत हो गया था इसलिए स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था गर्व से कहो हम हिंदू है आज भी जिसे हिंदू होने पर गर्व नही है वह हिंदू नहीं हो सकता हमारी संस्कृति वसुधेव



कुटुंबकम की है,एक हमारी ही संस्कृति है जो विश्व कल्याण की बात करती है।आज पूरा विश्व भारत की और देख रहा है अब बो दिन दूर नही जब हम पुनः विश्व गुरु कहलाएंगे संचलन में बाल स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया एवं जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# सेवार्थ जन कल्याण समिति और रतन ज्योति नेत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में धमसा में 13 को लगने वाले कैंप को लेकर किया जनसंपर्क

**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद तहसील के अंतर्गत ग्राम धमसा में विशाल नेत्र परीक्षण एवं मोतिया बिंद लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कैंप 13 अक्टूबर, 2024, रविवार को प्रातः 9ः00 बजे से दोपहर 1ः00 बजे के बीच, प्रस्तावित है। इसके सार्थक और सफल करने के लिए आज समिति के सदस्यों ने चंदहारा, भगवासा,धमसा, मदनपुरा, हसेलियापुरा गांव में आज जनसंपर्क किया गया एवं अधिक से अधिक संख्या में रोगियों को लाभान्वित करने के लिए ग्रामीणों से आह्वान किया। गांव से मरीजों के आने जाने की व्यवस्था भी की गई उल्लेखनीय है कि यह सभी गांव से लगभग 10 से 15 किलोमीटर की दूरी की परिधि में आते हैं और बस्ती नदी के किनारे स्थित है स्वास्थ्य सेवाओं का प्रचार प्रसार करने और उसको घर तक पहुंचाने के लिए आयोजन



किया जा रहा है। जनसंपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत सेवार्थ जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ओ .पी दीक्षित ,जनसंपर्क प्रभारी धर्मेंद्र सिंह गुर्जर, कार्यकारिणी के सदस्य राहुल शर्मा ,अभिनंदन कुशवाहा, दिनेश दांतरे तथा मदनपुरा के सरपंच शत्रुघ्न सिंह नरवरिया इत्यादि, सुबह 10ः00 बजे से लेकर शाम को 4ः00 बजे तक संपर्क कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी समाजसेवी, व्यक्तियों , संस्थाओं तथा पत्रकार बंधुओं से अनुरोध है कि ,प्रयास को जन आंदोलन का रूप देकर आयोजन को अधिक से अधिक सफल बनाने में हमारी मदद करें।

# आईमाताजी बैल बधावा में गूंजे माता के जयकारें



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

पाली- मारवाड़ जंक्शन तहसील के निकटवर्ती ग्राम पंचायत हिंगोला खुर्द गांव गोदावास श्री आई माताजी का मंदिर (बडेर)गांव गोदावास श्री आई माताजी का धर्म रथ भैल धर्म प्रचार भ्रमण पर पधारे गांव के कोटवाल जमादारी समस्त पंचो री सहमती से भव्य स्वागत किया आज विक्रम संवत् 2081 मिती आसोज बदी तीज शनिवार दिनांक 5 अक्टूबर सन् 2024 को बैल रथ के साथ आए जति बाबा पुना महाराज, खेता महाराज, रतन लाल राठौ?, शंकर हाम्ब?, राजेन्द्र पंवार, बाबूलाल परिहार का जमादार जगाराम आगलेचा, कोटवाल मनरूप सेणचा एवं ग्रामीणों ने स्वागत किया। संध्या आरती में स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में मां आईजी का दर्शन कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। आयोजित धर्म सभा में जेठाराम सोलंकी ने आईमाताजी के बताए इग्यारा नियमों की पालना करने की सिख दी। बैल बधावा में ग्रामीणों गाजे बाजे के साथ व आईमाताजी के जयंकारों के बीच भव्य बधावा किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए।

# पोरसा मुक्तिधाम महाकाल मंदिर और नव दुर्गा के महोत्सव पर कन्या पूजन का हुआ आयोजन

## विश्व सुप्रसिद्ध है पोरसा का मुक्तिधाम सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर अनिल गुप्ता के लगन ,अथक प्रयासों का अनुपम उदाहरण है पोरसा का मुक्ति धाम

**भीमसेन सिंह तोमर**

पोरसा नवरात्रि की पावन पर्व पर व मंगलमयी बेला मेंआज सुबह महाकाल मंदिर परिसर पर डॉ अनिल गुप्ता के सानिध्य में महगाऊँ निवासी पहाड़ सिंह पत्नी गिरजा देवी पाँच साल से कोई बच्चा नहीं था बच्चा मन्नत के लिय पाँच सोमवार को महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना की उसके फल स्वरूप कन्या रत्न की प्राप्ती हुई उस उपलक्ष में तमन्ना के जन्म महोत्सव पर आज सुबह की वेला में और नव दुर्गा उत्सव पर कन्या पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन



हुआ इस कार्यक्रम में महेश पेगौरिया नरेंद्र राठौर आलोक गुप्ता महेंद्र बाल्मिक और सैकड़ों की संख्या में कन्या और बालक उपस्थित थे्य हम आपको बता दें पोरसा का मुक्तिधाम सुप्रसिद्धी विदेशों में भी है और गीनीज बुक आफ रिकॉर्ड में भी हमारे मध्य प्रदेश के साथ-साथ अंचल को गौरवान्वित कर रहा है

# सीरवी समाज कतारगाव वडेर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



सूरत- सीरवी समाज कतारगाव सुरत में नवरात्रि के तीसरे दिन उमड़ा जन सैलाब, रोशनी से जगमगाता माँ आईजी के पुरे मंदिर को देख करके, हर किसी का मन प्रफुल्लित हो रहा था, वडेर में पहले गरबा डांडिया खेला गया फिर माँ आईजी की सामुहिक आरती की गई ओर लास्ट में नास्ता एवं आईसक्रीम दे करके इस प्रोग्राम को संपन्न किया गया । डी. जे. साउंड सिस्टम देख रेख का काम हमारे कमेटी के युवा सदस्य विनोद कुमार देवड़ा को सौपा गया । इस मोके पर सचिव सुरेश गेहलोत, उपसचिव घीसुलाल सातपरा, कोषाध्यक्ष सज्जन प्रकाश सैणचा एवं अन्य कमेटी सदस्य गण मोजुद रहे ।

# पति ही निकला अपनी पत्नि का हत्यारा,12 दिन पूर्व गुम हुयी महिला का शव क्वांरी नदी में मिला





**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

### अपनी पत्नि की गुम होने की लिखाई थी झूठी रिपोर्ट

### नदी घुमाने की कहकर पत्नि को ले गया नदी पर,बाद धक्का दिया

### शव उतराने पर नदी के किनारे ही दफना कर हो गया था बेफिकर

### सीएसपी अरुण कुमार उईके ने प्रेस वार्ता कर अंधेकत्ल का किया खुलासा,घटना में तीन आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड । पुलिस डा. असित यादव के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठकके निर्देशन व नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार व थाना प्रभारी देहात निरी मुकेश शाक्य के नेतृत्व में अंधे करल का खुलासा कर घटना घटित करने वाले पांच आरोपीगणों में से तीन आरोपीगणों को गिरफ्तार कर लिया गया है। क्या है मामला- दिनांक 25/09/24 को फरियादी उदयभान सिंह तोमर निवासी ग्राम सिमराव ने थाना देहात पर रिपोर्ट किया कि दिनांक 24/09/24 के रात करीबन 11 ः 30 बजे की बात है मेरी पत्नि सोनी राजावत बिना बताये कहीं चली गयी है। जिसका कोई पता नहीं चल रहा है। उक्त मामले को पुलिस द्वारा गम्भीरता से लिया जाकर मृतिका के परिजनों से बारीकी से पूछताछ की गयी तो मामला संन्देहास्पद लगा। पुलिस द्वारा मृतिका के मायके पक्ष वालों से पूछताछ कर कथन लिये गये तो बताया कि लडकी के ससुराल वाले आये दिन लडकी के साथ दहेज के लिये मारपीट व गाली गलौज करते है। मृतिका के पति से बारीकी से पूछताछ की तो वह पहले पुलिस को गुमराह करता रह फिर उसने बताया कि दिनांक 24/09/24 को मैं अपने गांव सिमराव में अपने घर के बाहर सो रहा था रात्रि में मुझे सन्देह हुआ कि मेरी पत्नि किसी से बात करती है। मैंने पत्नि सोनी से पूछा कि वह कौन व्यक्ति है,जिससे तुम बात करती हो तो पत्नि सोनी ने बताने से मना कर दिया तो मेने अपने दोनां भाई, मां व पिता को बुला लिया और सारी बात बताई तो हम सबने सोनी की मारपीट की और हम सब लोग बाहर आ गये फिर मेरे घरवालों ने मुझसे कहा कि तू सोनी को बहला फुसलाकर पुल पर ले जा और इसे नदी में ढक्का दे देना फिर मैं सोनी को बहला फुसलाकर पुल पर घूमने के लिये ले गया था और वहां पर से सोनी को पुल पर से क्वारी नदी में फैक दिया था और मेने अपने ससुर को फोन लगाकर बताया कि सोनी बिना बताये कहीं चली गई है फिर मैने थाना देहात में अपने घरवालों के कहने पर सोनी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट की थी उसके वाद मैने पुलिस को गुमराह करने के लिये झूटा ब्यान दिया था मैं डर गया था कि कही मेरी पत्नि सोनी का शव पुलिस को नहीं मिल जाये उसके वाद में क्वारी नदी के किनारे किनारे अपनी पत्नि सोनी का शव ढूंडता रहा दिनांक 02/10/24 को मुझे परसोना गांव के पास क्वारी नदी के कछार में मुझे कीचड से लत पथ छत विछत एक लाश मिली जिसको मेने ध्यान से देखा तो वह मेरी पत्नि सोनी की लाश थी उसके गले में वहीं मंगल सूत्र था जो मेने उसे दिया था मैने अपनी पत्नि के शव को नदी के किनारे कछार में छिपा कर झाड से ढक दिया था और उसके गले से मंगल सूत्र निकालकर वहीं झाडियों में फैक दिया था। जांच के दौराने मृतिका के पति के द्वारा बताये गये स्थान से शव को जमीन से निकाला गया व पोस्ट मार्टम कराया गया। प्रकरण के पांच आरोपीगणों में से मृतिका का पति सहित तीन आरोपीगणों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उक्त सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक मुकेश शाक्य,उपनिरीक्षक विजय शिवहरे, नागेश शर्मा,प्रमोद तोमर, सउनि. विनोद सोलंकी,एएसआई सायबर सेल सत्यवीर सिंह सायबर सेल,प्रधान आरक्षक सोनेन्द्र राजावत,गुरूदास सोही,मनीष भदौरिया,महेश सायचर सेल,आरक्षक सन्दीप राजावत,सुभाष तोमर, बृजनन्दन,विष्णु तोमर,राहुल शुक्ला, राहुल तोमर,बृजेश लाखरे,मुकेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल का कार्य बहादुरी का है-भरत पवार

**अर्पित गुप्ता**
**उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**



दबोह-विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल कांक्षी सरकार हनुमान मन्दिर पर हुई।जिसमें मुख्यातिथि श्री श्री 1008 पूज्य महंत मनीराम दास जी महाराज ददरोआ आश्रम उज्जैन,अध्यक्षता उमाकांत व्यास जी,मुख्य वक्ता भरत पवार प्रांत विमर्श प्रमुख रहे।महंत मनीराम दास जी ने आशीर्वाद बचन में हिन्दु हिन्दूत्व की रक्षा के संकल्प की बात की अध्यक्ष जी ने विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना और कार्य पर प्रकाश डाला भरत पवार ने अपने बक्तब्य में कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से कहा की विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल का कार्य करना स्वयं बहादुरी भरा है।कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष भगवती दुवे,जिला गौ रक्षा प्रमुख मनोज शर्मा,गोपाल दास दीक्षित,मठ मंदिर अर्चन प्रमुख,राम मोहन मुदगिल जिला मंत्री,सुरेन्द्र शुक्ला जिला संयोजक,अतुल राजपूत,सुमित बिरथरे,प्रखंड मंत्री लहार रिंकू यादव,पवन राठोर मौ,मनीष भारद्वाज,ब्रजनन्दन शर्मा रौन,शिवा गौड़,आकाश शुक्ला,सुमित गुप्ता,अमित शिवहरे लहार,सुनील कौरव,रवि कौरव,धर्मेन्द्र पाठक,सुमित मिश्रा,अनुप दुवे,विनेश दुवे?वीरेन्द्र बाथम,दीपेन्द्र शुक्ला,विनोद ओमथरिया,मुन्ना ठेकेदार,मनोज वोहरे मिहोना,सचिन मिश्रा,कृषण नारायण पाराशर,कमलेश बिरथरे नानपुरा,श्री राम तोमर फौजी,नीरज कौरव,सुनील कौरव,राकेश कुशवाह,रामू प्रजापत,आशीष श्रीवास्तव रोनी,मुन्ना यादव दबोह,सत्य नारायण शुक्ला धर्म पुरा,जीतू यादव,सुशील गोस्वामी,जीतू दोहरे,अनूप एतोडा,रामु प्रजापति,बबलू पटेल बिरखे?ा,विनीत तिवारी रूरई,राजीव शर्मा एडवोकेट बिरखाडी,पवन तिघुनाथ मिहोना,ऋतिक गुर्जर धोरका,दिलीप राजोरिया मिहोना,शिव कुमार शिरोठिया,हरिमोहन कुशवाहा मिहोना,मनमोहन राय दबोह,छोटू व्यापारी दबोह के साथ विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में मैं हूँ अभिमन्यु जागरुकता अभियान



**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के मार्गदर्शन में दिनांक 03/10/2024 से 12/10/2024 तक के लिए महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में जागरुकता महिलाओ को सुरक्षित एवं पूर्वाग्रह मुक्त सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में पुरुषों का सहयोग सुनिश्चित करने हेतु शुरु हुए विशेष जागरुकता अभियान मैं हूँ अभिमन्यु इस क्रम में आज दिनांक 06/10/2024 को पुलिस लाइन परिसर जिला भिण्ड में नगर पुलिस अधीक्षक भिण्ड अरुण ऊईके, उपपुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा भिण्ड दीपक तोमर एवं महिला थाना प्रभारी श्रीमती क्रान्ति राजपूत एवं खेल अधिकारी के नेतृत्व में मिनी मैराथन का शुभारम्भ टीशर्ट वितरण कर पुलिस लाइन भिण्ड से गोरी किनारा सेल्फी पोईन्ट तक किया गया। महिला एवं बच्चें के प्रति होने वाले अपराधों के प्रति जागरुकता महिला हेल्प नम्बर 1090, डायल 100, चाइल्ड लाइन नं. 1098 आदि का प्रचार प्रसार किया गया। अभिमन्यु अभियान के बारे में जानकारी दी गई।

# अभिमन्यु अभियान कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी जैतवारा विजय सिंह ने कराया मैराथन दौड़ का आयोजन




**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे %मैं हूं अभिमन्यु% अभियान के तहत समाज में जागरुकता लाने के लिए चलाया जा रहा है, इस अभियान के चौथे दिन थाना प्रभारी जैतवारा विजय सिंह एवं हमराही स्टाफ एवं विद्यालय में उपस्थित स्टाफ के मार्गदर्शन में 12 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में थाना जैतवारा द्वारा थाना प्रभारी श्री विजय सिंह द्वारा थाना स्टाफ के साथ आज अभिमन्यु अभियान के चौथवे दिन आज दिनांक 06/10/24 को जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय स्कूलों के बच्चों के सहयोग से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया ।

# खेल को खेल ही रहने दो ,कोई नाम न दो

ग्वालियर में चौदह साल बाद होने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय मैच को लेकर हिन्दू-मुसलमान करने की कोशिश ग्वालियर को बदनाम करने के लिए काफी है । ग्वालियर वैसे भी नव-सामंती दौर से गुजर रहा है ऐसे में मुठ्ठी भर हिन्दुओं के विरोध के चलते बांग्लादेश और भारत के बीच 6 अक्टूबर को खेले जाने वाले टी-20 मैच में ब?ा डालने की कोशिश हल्कापन है। ग्वालियर में भारत और बांग्लादेश के बीच टी-20 क्रिकेट मैच से पहले ही जिला मजिस्ट्रेट ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है। तनाव के बीच कोई भी मैच आनंददायक कैसे हो सकता है ये बात हिन्दू महासभा को सोचना चाहिए।जग जाहिर है कि ये मैच ग्वालियर के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने बेटे महाआर्यमन सिंधिया की राजनीतिक दूकान सजाने के लिए लेकर आये है। ग्वालियर में क्रिकेट पर सिंधिया का दशकों पुराना कब्जा है। पहले ये मैच नगर निगम के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में होते थे,लेकिन अब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में क्रिकेट के लिए अपने पिता के नाम पर एक नया स्टेडियम तामीर करा लिया है। कोई और होता रो शायद ग्वालियर में क्रिकेट कि लिए नया स्टेडियम न बन पाता। ग्वालियर को 14 साल के अंतराल के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की मेजबानी कर रहा है।ग्वालियर में सिंधियाशाही एक अलग मुद्दा है लेकिन क्रिकट मैच एक अलग मुद्दा है। मै क्रिकेटप्रेमी होने के नाते नहीं बल्कि ग्वालियर वासी होने के नाते हिन्दू महासभा के नेताओं से गुजारिश करना चाहूंगा कि वे मैच को मैच ही रहने दें ,कोई नाम न दें । यहां खेलने आने वाले






बांग्लादेश के खिलाडी हमारे दुश्मन नहीं है। हमने तो भारत के कटटर और घोषित दुश्मन पाकिस्तान के साथ भी अतीत में क्रिकेट खेली है। क्रिकेट खेल है ,इसे राजनीति का मुद्दा बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हिन्दू महासभा हिन्दुओं की ठेकदार सभा नहीं है । उसकी न कोई सियासी ताकत है और न मैदानी ताकत। वो केवल तनाव पैदा करने और प्रशासन को छकाने का काम कर सकती है और इसमें भी उसे कामयाबी मिलने वाली नहीं है ,क्योंकि पुलिस के पास इस मैच को करने के लिए पहले से हजार,डेढ़ हजार पुलिस कर्मी हैं। मैच के दिन हिंदू महासभा द्वारा किए गए ग्वालियर बंदा और अन्य संगठनों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन इस मैच को बाधित नहीं कर सकते,हाँ वे पहले से बदनाम ग्वालियर को और बदनाम कर सकते हैं। ये काम तो सिंधिया खुद चौराहों पर अपने राजवंश के प्रतीक चिन्हों की जालियां स्मार्ट सिटी के कोष से कराकर पहले ही करा चुके हैं। दक्षिणपंथी संगठन ने बुधवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर किए गए ÷अत्याचार÷ को लेकर रविवार के मैच को रद्द करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर चुके है। इतना काफी है। इन संगठनों को सोचना चाहिए की हिन्दुओं की ठेकदार आरती की सरकार बांग्ला देश की निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री को आपने यहां मेहमानों की तरह रखे हुए है। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाडियों का विरोध कोई मायने नहीं रखता। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो बर्बरता हुई है उसके लिए खिलाडी नहीं ,बल्कि वहां के नेता जिम्मेदार है। भारत में भी अल्पसंख्यकों के साथ यदि कोई उत्पीड़न होता है तो खिलाडी नहीं नेता और सरकारें ही जिम्मेदार होती हैं।ग्वालियर वैसे भी विकास के मामले में प्रदेश के दूसरे इलाकों से बहुत पीछे है क्योंकि यहां के जन प्रतिनिधियों की कोई सुनता नहीं है और यहां जो होता है वो महाराज की मर्जी से होता है। हिन्दू महासभा यदि सचमुच ग्वालियर का हित चाहती है तो उसे ग्वालियर में सिटी बसें शुरू करने के लिए बंद का आव्हान करना चाहिये । स्मार्टसिटी का पैसा सिंधिया शाही की पुर्स्थापना पर खर्च करने के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहिए। मैच के आयोजन के खिलाफ प्रदर्शन से ग्वालियर का हित होने वाला नहीं है। मैच देखने आने वाले अतिथि जब ग्वालियर की धुल उड़ाती सड़कों से गुजरेंगे तो उन्हें ग्वालियर के स्वयंभू महाराज के विकास कार्यों की हकीकत का पता खुद लग जाएगा। ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने पुलिस अधीक्षक की सिफारिश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। ये मजबूरी में उठाया गया कदम प्रतीत होता है। अपने दफ्तर में महात्मा गाँधी की हत्या के मामले में सजायाफ्ता गौ?से की प्रतिमा लगाने वाली हिन्दू महासभा पता नहीं क्यों बवाल कर रही है । हमारे यहां कहते हैं कि -मुठ्ठक चना,बाजे घना । यही हाल हिन्दू महासभा का है। सभा के पास इतने कार्यकर्ता भी नहीं है खेल को खेल ही रहने दो ,कोई नाम न दो

## कन्या पूजन



कन्या पूजन को लेकर कई बार मेरे मन में सवाल उठता है ।
जिन छोटी-छोटी कन्याओं को पूजने के लिए यह समाज उन्हें ढूंढता है ।।



लड़की पैदा होने पर अफसोस मनाते लोग कन्याएं कहां से आएंगी ।
जन्म से पहिले ही जब कन्याएं कोख में मारी जाएंगी क्या कोई ये सोचता है ।।
वाह रे वाह समाज एक तरफ कन्या कहकर सब कन्या पूजन करते हैं ।
दूजी और कन्या के पैदा होने से डरते हैं।।
आज यदि तुम कन्याओं को
अपने पैरों पर खड़ा करके,मार्ग दिखलाओगे ।
एक दिन प्रत्येक विकास के पीछे समाज में,सफलताओं के लिए कन्याओं को पाओगे तिलक लगाकर मान करो,प्रेम प्यार से कन्याओं को भोजन करवाओ,कुदृष्टि ना डालो इन पर,इनके ही हाथों में है भविष्य ।
जीवन की हर बाधा हर संकट को पार करें,इनका मनोबल प्रतिपल बढ़ाओ ।।
पैरों को छूकर उनका ना बस एक दिन के लिए सम्मान करो,बिटिया बेबस और लाचार नहीं तुम कन्याओं का मान करो ।
देकर अपने संस्कार उनको पढ़ा - लिखा सच्ची राह दिखाओ,
गौरवान्वित करती कन्याए भी हमें, हर घर कन्या पूजन करवाओ ।।

**आशी प्रतिभा दुबे ( स्वतंत्र लेखिका)**
**ग्वालियर,मध्य प्रदेश,भारत**

## वंदना

प्रातः स्मरण आपका धरती हूं मैं ध्यान
माता तेरे चरणों में,सारा सुख सम्मान ।।
नित निकालू रंगोली माता सुंदर तेरे नाम ।
तेरी कृपा से ही मैया ,सब सकल सुजान ।।
धरती हूं यही धारणा,मां तेरा हृदय उदार ।
करती हैं तू भक्तों पर अपनी कृपा समान ।।
मैं भी तुम्हें पुकारती मां,दे दो मुझे भी ज्ञान ।
दीप प्रज्ज्वलित करके मां दूर करो अंधकार ।।
हर दिवस अति उत्तम मां,नव दुर्गा के साथ ।
नौ दिवस का शक्ति पूजन सबके लिए हैं खास ।।
अर्थ ,काम,मोह ,लोभ, क्रोध का करना होगा त्याग ।
तभी साधना पूरी होगी,मिलेगा मैया का आशीर्वाद ।।
पुरी,हलवा,नारियल ,बर्फी ,पान सुपाड़ी प्रिय आप ।
लाल चुनरियाँ,चूड़ी माहवर,मेंहदी से किया श्रृंगार ।।
सब समर्पित माता तुमको,जो कुछ भी हैं मेरे पास ।
मन मंदिर हो जाए मेरा,मैया करना हृदय में निवास ।।

आशी प्रतिभा दुबे ( स्वतंत्र लेखिका)
ग्वालियर,मध्यप्रदेश (भारत)

# चुनावी बांड की कहानी, निर्मला सीतारमण की परेशानी







**(आलेख -राजेंद्र शर्मा)**

हाई कोर्ट के आदेश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके सह-आरोपी बनाए गए कर्नाटक के भाजपा के नेताओं तथा ईडी अधिकारियों ने बेशक राहत की सांस ली होगी। कर्नाटक हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ चुनावी बांड के नाम पर, अवैध हफ्ता वसूली के आरोपों की जांच पर अपने अंतरिम आदेश के जरिए फिलहाल रोक लगा दी है। आरोपियों में से एक, भाजपा नेता नलिन कुमार कतील की याचिका पर, अंतरिम आदेश में हाईकोर्ट के एकल पीठ ने उन्हें उक्त राहत दी है। याचिका में उस प्राथमिकी को ही चुनौती दी गयी है, जिसमें कतील व अन्य को नामजद किया गया है। याद रहे कि एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर, एक विशेष अदालत के आदेश पर ही, निर्मला सीतारमण व अन्य के खिलाफ चुनावी बांड के नाम पर अवैध वसूली के आरोपों में कर्नाटक में एफआईआर दर्ज की गयी थी। स्वाभाविक है, अगले कदम के रूप में आरोपों के संबंध में जांच शुरू होनी चाहिए थी, जिसे फिलहाल हाई कोर्ट के आदेश ने कम से कम अगली सुनवाई तक के लिए रोक दिया है।बहरहाल, इस तात्कालिक राहत से सुश्री सीतारमण और उनसे बढ़कर उनकी पार्टी के नेतृत्व के चेहरों पर मुस्कुराहट लौट आएगी, यह मानना मुश्किल है। इसकी वजहें दो हैं। पहली तो यह कि यह राहत फौरी यानी अस्थायी राहत ही है। अदालत से इस तरह की अस्थायी राहत मिलना तो आसान है, लेकिन एक अदालती आदेश के फलस्वरूप दर्ज की गयी एफआईआर को ही निरस्त करने का अदालती फैसला हासिल करना, लगभग नामुकिन है। यानी आरोपों पर जांच का वास्तव में आगे बढ़ना, नहीं बढ़ना अपनी जगह, लेकिन इतना तय है कि यह प्रसंग आसानी से ठंडा पड़ने वाला नहीं है और यहीं से भाजपा की परेशानी की दूसरी वजह शुरू होती है। इसका संबंध इस तथ्य से है कि इस पूरे प्रसंग ने, सत्ता के बल पर किए गए एक बड़े घोटाले के रूप में, चुनावी बांड के मुद्दे को फिर से नया कर दिया है।कहने की जरूरत नहीं है कि सत्ताधारी भाजपा और उसके संघ परिवार ने कितनी मेहनत कर के और कितने संसाधनों को झोंककर, चुनावी बांड के मुद्दे का धीरे-धीरे सार्वजनिक बहस से गायब ही हो जाना सुनिश्चित किया था। जाहिर है कि इसमें सत्ताधारी दल की सबसे ज्यादा मदद तो सर्वोच्च अदालत ने ही की थी, जिसने अपने ऐतिहासिक फैसले में चुनावी बांड की पूरी की पूरी व्यवस्था को असंवैधानिक तथा गैर-कानूनी करार देकर खारिज तो किया था और इसके जरिए क्विड प्रो क्वो यानी चंदा लाओ और लाभ पाओ की व्यवस्था चल रही होने की संभावना मानी भी थी, लेकिन इसके बावजूद उसने अपने ही फैसले से उजागर हुई आर्थिक गड़बड़ियों की आगे किसी जांच का रास्ता खोलने से इंकार कर दिया था।यह इसके बावजूद था कि स्टेट बैंक के चुनावी बांड के जरिए पैसे की यात्रा की पूरी ट्रेल जाहिर करने में असमर्थता जताने के बावजूद, चुनावी बांडों के सिलसिले में, इन बांडों की खरीद तथा राजनीतिक पार्टियों द्वारा उनके प्राप्त किए जाने की जानकारियों को उनके संदर्भ में रखकर, मीडिया में अनेक जानकार विश्लेषकों ने बड़े विस्तार से, सटीक जानकारियों व साक्ष्यों के साथ, गड़बड़ी के बेशुमार मामले उजागर किए थे। इसी क्रम में अवैध चंदा वसूली के लिए, जिसे मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने, जानी-पहचानी हफ्ता वसूली का ही एक रूप बताया था, केंद्रीय एजेंसियों जैसे सीबीआई, ईडी, आयकर आदि के दुरुपयोग के भी कितने ही मामले सामने आए थे। केंद्रीय एजेंसियों की छापों समेत विभिन्न कार्रवाइयों और चुनावी बांड के जरिए चंदे के कई अलग-अलग पैटर्नों की भी पहचान की गयी थी। जहां कुछ मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के छापे/ कार्रवाई के फौरन बाद, संबंधित कंपनियों द्वारा सत्ताधारी भाजपा को चंदा दिया जाना शुरू कर दिया गया था, वहीं कुछ और मामलों में पहले से चंदा दे रही कंपनियों ने छापे के बाद, उल्लेखनीय रूप से ज्यादा चंदा देना शुरू कर दिया था। और कुछ और मामलों में बार-बार छापे के जरिए कंपनियों से बार-बार पैसे की वसूली की जा रही थी। बेशक, यह सब उस सामान्य या सद्भावनापूर्ण वातावरण में हो रहे लेन-देन के ऊपर से था, जिसे चंदा दो और धंधा लो कहा जा सकता है। यानी सरकारी ठेके आदि के रूप में सरकार से उपकार लो और बदले में बांड के जरिए चंदा देकर अपना कर्जा उतार दो।इन तमाम असामान्यताओं के बरक्स इस चुनावी बांड भंडाफोड़ में ऐसी कंपनियों के सत्ताधारी पार्टी को बड़े पैमाने पर चंदा देने के मामले भी सामने आए, जिनके चंदे का किसी भी तरह से धंधे के हिस्से के तौर पर कोई तर्क ही नहीं बनता था। मिसाल के तौर पर कई मामलों में कंपनियों ने अपने कुल मुनाफे से कई-कई गुना ज्यादा चंदा चुनावी बांड के जरिए दिया था, तो कुछ मामलों में तो इन कंपनियों की कुल कीमत से भी कई-कई गुना चंदा दिया गया था, जो साफ तौर पर इन कंपनियों के खोखा कंपनियों की तरह काम कर रहे होने का यानी मनी लॉन्डरिंग का ही मामला नजर आता था। वास्तव में जब इस चुनावी बांड योजना के सिलसिले में, पहले से चले आते राजनीतिक चंदा कानून के इस प्रावधान को संशोधित किया जा रहा था कि कोई भी कंपनी, अपने पिछले तीन साल के मुनाफे का ज्यादा से ज्यादा 7 फीसद ही राजनीतिक चंदे के तौर पर दे सकती थी, और इस पूरी की पूरी पाबंदी को ही हटाया जा रहा था, तभी विभिन्न हलकों ने इसकी आशंका जताई थी कि यह चुनावी चंदे के नाम पर मनी लॉन्डरिंग का रास्ता खोल सकता था। दुर्भाग्य से इस मामले में बदतरीन आंशकाएं सच साबित हुई थीं।इसके बावजूद, मोदी सरकार से और उसकी एजेंसियों से तो इन गड़बड़ियों की जांच और दोषियों को सजा दिलाने की उम्मीद की नहीं जा सकती थी। आखिरकार, इन गड़बड़ियों की सबसे बड़ी लाभार्थी तो सत्ताधारी पार्टी ही थी। इन उजागर हो गयीं गड़बड़ियों तक की किसी भी तरह की जांच कराना तो दूर रहा, वर्तमान निजाम ने तो चुनावी बांड की व्यवस्था का बचाव करने की ही कोशिश की थी। वास्तव में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस व्यवस्था को अवैध तथा असंवैधानिक बताकर, पूरी तरह से रद्द कर दिए जाने के बावजूद, आम चुनाव के दौरान खुद प्रधानमंत्री मोदी भी, न सिर्फ इसे ़नेक नीयत से लाई गयी योजना़बताकर इसका बचाव कर रहे थे, बल्कि इसके आलोचकों को भी यह कहकर चुनौती दे रहे थे कि आज जो विरोध कर रहे हैं, बाद में पछताएंगे !बेशक, सत्ताधारी पार्टी के पर्दापोशी के इन सारे प्रयासों से और चुनावी बांड के मुद्दे को ही दबाने की उसकी कोशिशों से, यह मुद्दा कोई पूरी तरह से दब नहीं गया था। वास्तव में चुनावी बांड से जुड़े घोटालों की प्रतिध्वनि भी एक वजह थी कि आम चुनाव में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अपने तमाम छाती पीटने और विपक्ष को भ्रष्ट साबित करने की अपनी सारी कोशिशों के बावजूद, सत्ताधारी पार्टी को विपक्ष पर भ्रष्ट का लेबल चिपकाने में कोई कामयाबी नहीं मिली थी। इसीलिए तो, स्वयं मोदी से लगाकर नीचे तक, सत्ताधारी गुट के सारे मुखों को, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने आजमाए हुए नुस्खे को ही आजमाना पड़ा था और समर्थक हिंदुओं को यह समझाना पड़ा था कि विपक्षी अगर सत्ता में आ गए तो, उनके मंगल सूत्र से लेकर आरक्षण तक, सब कुछ छीनकर मुसलमानों को दे देंगे। और इसके बावजूद, जनता ने सत्ताधारी पार्टी को बहुमत से काफी नीचे, 240 की गिनती पर ही रोक दिया।फिर भी इससे इंकार नहीं किया जा सकता है कि चुनावी मुद्दों की भीड़-भाड़ में, चुनावी बांड की गड़बड़ियों का मुद्दा कहीं दब-सा गया था। निर्मला सीतारमण व अन्य भाजपा नेताओं पर एफआईआर के प्रसंग ने इस मुद्दे को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। विपक्ष की बड़ी हुई ताकत को देखते हुए, सत्ताधारी गुट के लिए इसे दबाना अब उतना आसान नहीं होगा। इस संदर्भ के अंतर के अलावा अब की स्थिति में एक महत्वपूर्ण अंतर और है। जहां पहले चुनावी बांड का मुद्दा भ्रष्टाचार के एक सामान्यीकृत मुद्दे के तौर पर ही सामने आया था, अब भ्रष्टाचार के इन आरोपों को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत सत्तापक्ष से जुड़ेअनेक चेहरे मिल गए हैं। यह भ्रष्टाचार के आरोपों को और कंटीला बना देगा। सीतारमण के इस्तीफे की मांग साफ तौर पर इसी ओर इशारे कर रही है।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और साप्ताहिक पत्रिका लोकलहर के संपादक हैं।)

**. 07 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार पामगढ़ पुलिस की त्वरित कार्यवाही**

# आरोपी शनि राम जांगड़े पिता द्वारिका प्रसाद जांगड़े उम्र 44 साल साकिन रसौटा थाना पामगढ़ जिला जांजगीर- चांपा



आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

ड़ विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमें मुखबिर सूचना पर दिनांक 06/10/2024 को रेड कार्यवाही कर आरोपी शनि राम जांगड़े साकिन रसौटा थाना पामगढ़ के कब्जे से एक डिब्बा में भरा 28 पन्नी का पाउच जिसमे कुल 07 लीटर भरा अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 700/ड़ रुपए को बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से विधिवत कार्यवाही कर थाना पामगढ़ में अपराध क्रमांक 401/24 धारा 34(2)आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 06.10.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे उपनिरी. मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगड़, स.उ. नि. रामदुलार साहू, आर. टिकेश्वर राठौर, म. आर सविता पटेल एवं थाना पामगड़ स्टाफ का योगदान रहा।

# स्कूली बालिकाओं से अश्लील हरकत करने वाले प्रधान पाठक इंद्रमन साहू को मिली उसके दुष्कर्मों की सजा

**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने दोषी प्रधान पाठक को दी तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई**

**बालिकाओं को बुरी नियत से छूने एवं उनसे गंदी बातें करने के मामले में दर्ज हुआ था अपराध**

रायपुर।/कहते है बुरे कर्मो का बुरा नतीजा। स्कूली बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने और उनसे गंदी-गंदी बाते करने के दोषी प्रधान पाठक इंद्रमन साहू (56 वर्ष) को उसके बुरे कर्मो की सजा मिल गई है। आज से लगभाग 6 वर्ष पूर्व रायपुर जिले अभनपुर विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत सुंदरकेरा के स्कूल में प्रधान पाठक के रूप में पदस्थापना के दौरान इंद्रमन साहू स्कूली बालिकाओं की लज्जा का आनादर करने के आशय से गंदी-गंदी बातें करने के साथ ही लैगिंक हमले का अपराध कारित करने का दोषी पाएं जाने पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, द्वितीय फास्टट्रैक विशेष न्यायधीश (पाक्सो) रायपुर ने उसे धारा 354 के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास सहित एक हजार रूपए के अर्थ दंड तथा धारा 509 के तहत तीन वर्ष के कारावास तथा एक हजार रूपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है।गौरतलब है कि गुरू शिष्य के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाली इंद्रमन साहू के खिलाफ 29 सितम्बर 2018 को गोबरा नवापारा थाने में स्कूली बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में धारा 354, 506 भाग-2, 509 एवं धारा 309 एवं धारा 08, 11-1/12 पाक्सो एक्ट के तहत मामला अपराध दर्ज किया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सम्पूर्ण तथ्यों परिस्थितियों तथा इंद्रमन साहू द्वारा किए गए अपराध एवं उनकी गंभीरता को देखते हुए उसे धारा 354 एवं धारा 509 के तहत 3 वर्ष के सश्रम कारावास सहित दोनों धाराओं में एक-एक हजार रूपए के अर्थदंड के सजा दी है। अर्थदंड की राशि अदा न किए जाने पर अभियुक्त को प्रत्येक धाराओं में एक-एक माह सश्रम कारावास पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। न्यायालय ने उसके पूर्व के जमानत मुचलके को निरस्त करने के साथ ही केन्द्रीय जेल रायपुर भेज दिया है।

# अवैध कच्ची महुआ शराब/देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार नवागढ़ पुलिस की कार्यवाही

**आरोपी शैलेंद्र कुमार कश्यप पिता उत्तम कुमार कश्यप उम्र 39 वर्ष निवासी गोधना थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर**




विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब पर अंकुश लाने के लिए लगातार कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस को जरिए मुखबीर सूचना मिला की एक व्यक्ति थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम गोधना नवा तालाब के पास अपनी मोटर साइकिल में अवैध शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी शैलेंद्र कश्यप को मौके पर पकड़ा जिसके कब्जे से 23 पाव देसी प्लेन शराब एवम 09 लीटर 500 द्दद्य कच्ची महुआ शराब जुमला शराब कीमती 3870/ रुपए, बिक्री रकम 400 रुपए एवम परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल बजाज पल्सर क्रमांक ष्ठत्न 11 क्च्ॅ 4146 कीमती करीबन 50 हजार को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर दिनांक 05.10.2024 को आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमाक 386/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर, आरक्षक टुकेश्वर डनसेना, संजय टंडन, बलराम यादव एवं थाना नवागढ़ स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

# मां बम्लेश्वरी मंदिर में हादसा, भगदड़ मचने से एक महिला की मौत.



रायपुर।राजनांदगांव डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शनिवार की रात श्रद्धालुओं की भीड़ अचानक अनियंत्रित हो गई। देर रात भगदड़ मचने से एक महिला की मौत हो गई। भीड़ इतनी थी कि सुरक्षा के लिए लगाये गए बेरिकेड्स टूट गए।नवरात्र के बीच छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर में शनिवार रात एक हादसा हो गया। श्रद्धालुओं की भीड़ अचानक अनियंत्रित हो गई। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई। डोगंरगढ़ में मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से आग्रह किया है कि श्रद्धालु दर्शन के लिए जल्दबाजी न करें।

**जल्दबाजी न करें श्रद्धालु-** कलेक्टर बता दें कि डोगंरगढ़ में मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से आग्रह किया है कि उपवास, पैदल चलने एवं भीड़ के कारण घबराहट और बैचेनी हो सकती है। श्रद्धालु दर्शन के लिए जल्दबाजी न करें।

**बीएमओ बीपी एक्का ने बताया कि-** घटना रात करीब 3ः00 बजे की है एक महिला सफोकेशन के कारण बेहोश होकर गिर गई थी जिसे इलाज के लिए यहां लाया गया अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

# थुलथुली में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण मुठभेड़ में 31 नक्सलिय हुये ढेर



रायपुर।जिला नारायणपुर/ दंतेवाड़ा से डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी थाना ओरछा व बारसूर क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोवेल, नेंदूर, व थुलथुली की ओर रवाना हुये थे।इस क्षेत्र में डीकेएसजैसी नीति, कमलेश, सहित पूर्वी बस्तर डिवीजन, पीएलजीए कंपनी नंबर 6, इंद्रावती एरिया कमिटी और प्लाटून नंबर 16 के शीर्ष नक्सलियों की उपस्थिति की मिली थी सटीक आसूचना। इसी आसूचना पर संयुक्त टीम निकली थी नक्सल विरोधी सर्च अभियान के दौरान 04 अक्टुबर के लगभग 12ः30 से 1 बजे नेंदूर - थुलथुली के जंगल में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई जो की देर शाम तक लगातार चलती रही फायरिंग बंद होने पर सभी टीमों द्वारा अपने-अपने दिये गये टॉस्क क्षेत्र में सर्चिंग करने पर घटना स्थल के अलग-अलग स्थानों से 18 पुरूष एवं 13 महिला कुल 31 सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी का शव बरामद हुआ। मारे गए नक्सलियों में 25 लाख इनामी छ्यर्स्ंष्ट सदस्य नीति उर्फ उर्मिला सहित कई 8 लाख इनामी पीएलजीए कंपनी नंबर 6 के सदस्य और डीवीसीएम रैंक के नक्सली शामिल। बड़ी संख्या में आटोमेटिक हथियारों की बरामदगी भी इस ऑप्सन की एक ऐतिहासिक सफलता है घटना स्थल में और भी खून के धब्बे दिखाई दिये जिससे प्रतीत होता है कि इस मुठभेड़ में बडी संख्या में अन्य माआवेदियों के घायल अथवा मारे जाने की प्रबल संभावना है। मारे गये 16 नक्सलियों पर 1 करोड़ 30 लाख से ज्यादा का इनाम घोषित। अन्य 15 नक्सलियों की शिनाख्तगी कार्यवाही जारी है। पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय द्वारा बताया गया कि- पूर्वी बस्तर डिवीजन क्षेत्र के दुर्गम जंगल एवं विकट भौगोलिक परिस्थितियों में रहने वाले मूल निवासियों को नक्सलवादी विचारधारा से बचाना और उन्हें माओवादी सिद्धांतों के आकर्षण से बाहर निकालना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है, ताकि क्षेत्र में विकास एवं शांति कायम हो सके। हम उन सभी मूलवासियों जो बाहरी विचारधारा और बाहर के नक्सली नेताओं के गलत प्रभाव में फंस गये हैं उनसे अपील करते हैं कि वे नक्सलवाद एवं नक्सली विचारधारा को त्याग कर शासन की आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति को अपनाकर समाज के मुख्य धारा से जुड़े और हथियार और नक्सलवादी विचारधारा का पूर्णतः त्याग व विरोध करें।

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि- वर्ष 2024 में माओवादियों संगठन के शीर्ष नेतृत्व को सुरक्षा बल द्वारा भारी क्षति पहुंचाई गई। विगत 9 महिने में छ्यर्स्ंष्ट जोगन्ना जिला पेदापल्ली, तेलंगाना राज्य, छ्यर्स्ंष्ट रंधेर जिला वारंगल राज्य तेलंगाना, छ्यर्स्ंष्ट रूपेश जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र राज्य, ञ्जस्ष्ट मेम्बर ष्ट्रष्ट 02 कमाण्डर सागर जिला भूपलपल्ली तेलंगाना राज्य, छ्ठ्ठष्ट्ररूशंकर राव जिला भूपलपल्ली तेलंगाना राज्य, छ्ठ्ठष्ट्ररूविनस जिला वारंगल तेलंगाना राज्य, छ्ठ्ठष्ट्ररूजगदीश जिला बालाघाट म.प्र . राज्य,ष्ट्ररूसंगीता उर्फ सन्नी जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र राज्य,ष्ट्ररूलक्ष्मी जिला मलकानगिरी उड़सिा राज्य,ष्ट्ररूरजीता जिला वारंगल तेलंगाना राज्य जैसे बाहर राज्य के सीनियर माओवादी कैडर को सुरक्षा बल द्वारा विभिन्न् मुठभेड़ ढेर किया गया।

पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार द्वारा बताया गया कि- वर्ष 2024 में जिला नारायणपुर में संचालित नक्सल विरोधी अभियान में अब तक कुल 44 माओवादी मारे गये, 29 गिरफ्तार एवं 47 माओवादी द्वारा आत्मसमर्पण किया गया।

उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप द्वारा बताया गया कि- इस ऑपरेशन के उपरांत नक्सलियों के गढ़ रहे पूर्वी बस्तर डिवीजन के माओवादियों में भय का माहौल व्याप्त है। क्षेत्र को नक्सली शीर्ष नेतृत्व अपना सुरक्षित ठिकाना मानते है। नक्सली नेतृत्व इस ऑपरेशन उपरांत ग्रामीणों एवं अपने निचले कैडर को दोषारोपण कर रहे हैं। सुरक्षा बलों का नक्सलियों के अटैकिंग फोर्स के स्तम्भ के ऊपर कड़ा प्रहार है।

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि- प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से स्थानीय जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा आपसी बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम करने के परिणाम स्वरूप वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत की जा रही नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अब तक कुल 188 नक्सलियों के शव बरामद, 706 गिरफ्तार एवं 733 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।

# घर अंदर घुसकर सोने चांदी के जेवर चोरी करने वाले 02 आरोपी सहित चोरी का सामान खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है की प्रार्थी छट कुमार कश्यप निवासी मदनपुर थाना पामगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 28/09/2024 को घर के आलमारी में रखे सोने का पत्तीदार माला एवं एक नग चांदी का करधन कीमती 47000/ रुपये को संदेही संगीता बाई एवं अन्य चोर द्वारा चोरी कर ले गया है की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपीयो के विरूद्ध थाना पामगड़ में अप .कायम कर विवेचना में लिया गया ।चोरी जैसे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेक शुक्ला (द्बक्क्र) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण कर अति पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में संदेही संगीता बाई को चोरी के संबंध में पुछताछ किया जो अपने भाई भैरो सिंह उर्फ भैरव सिंह व अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी करना और पकरिया के पवन कुमार सोनी के पास 19600/ रुपये में बेचना बताये जो समक्ष गवाहों के मेमोरंडम कथन लेकर आरोपियो के कब्जे से चोरी किए 05 पत्ती वाला सोने का मंगलसूत्र, चांदी का करधन 14 तोला, नगदी



रकम 6000 रूपए एव घटना में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी क्रमांक ष्द्11ड्ढद्ध 6747 बरामद किया गया को बरामद किया है।आरोपियों (01.) संगीता बाई क्षत्रिय निवासी मदनपुर (02)भैरो सिंह उर्फ भैरव सिंह चौहान साकिन बोड़सरा चौकी नैला (03) पवन कुमार सोनी साकिन जेवरा हाल मुकाम पकरिया थाना मुलमुला (खरीददार) के विरुद्ध अपराध धारा सदर का घटित करना सबुत पाये जाने से दिनांक 06.10.24 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है, तथा प्रकरण में शामिल एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालिका को किशोर न्यायालय पेश किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी. मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगड़, स.उ.नि. सरोज पाटले, म.प्रधान आरक्षक बलमती यादव, आर. श्याम सरोज ओग्रे, भुनेश्वर साहू, दीपक कश्यप एवं थाना पामगड़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# यातायात व्यवस्था करते हुए मल्हार चौकी

बिलासपुर । मस्तूरी थाना अंतर्गत पु स के मल्हार शक्ति टीम द्वारा भीड़भाड़ वाले एरिया। में यातायात व्यवस्था ,दुकान के सामानों की अंदर रखने और सस्पेक्ट चेक कर उनको आवश्यक हिदायत दी जा रही हैं। मल्हार चौकी के स्टाफ द्वारा किया गया।



# व्यापारी के साथ लूट के मास्टर माईड प्लान को सिविल लाईन पुलिस टीम के द्वारा किया पर्दाफाश

बिलासपुर। दिनांक 05.10.2024 को रात्री करीब 22:00 बजे प्रकरण के प्रार्थी परसराम पंजवानी पिता खुबचंद पंजवानी उम्र 65 साल निवासी चकरभाठा वार्ड 13 जिला बिलासपुर के द्वारा थाना सिविल लाईन बिलासपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 05.10.2024 को इसका लडका योगेश पंजवानी अपनी व्यापार विहार स्थित अपने पापड, पास्ता का योगेश ट्रेडिंग दुकान बंद करके दुकान मे काम करने वाले मोहित जांगडे, वेद प्रसाद जांगडे को छोडने मैग्नेटो माल तालापारा तरफ गया था व रात करीबन 09.00 बजे छोडने के बाद कुन्दन पैलेस तरफ जा रहा था कि उसी समय पीछे तरफ से अज्ञात लडके मोटर सायकिल से आये और इसके लडके के मोसा. के सामने अडा करके रोक लिये और उसका बैग को लूटने का प्रयास किये जब विरोध किये तब वहां पर उपस्थित दो लडकों ने उसकी हत्या करने की नीयत से धारदार चाकू से पेट,पीट, नाभि मे बार बार वार किया है कि प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना विवेचना में लिया गया जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर रजनेश सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शहर उमेश कश्यप एवं नगर पुलिस अधीक्षक निमितेश सिंह के मार्गदर्शन पर विशेष टीम तैयार कर थाना प्रभारी सिविल लाईन व एसीसीयू टीम को आरोपीयों कि पता तलाश हेतु दिशानिर्देश प्राप्त होने पर टीम के सदस्यो के द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन किया गया कुल 150 कैमरे को चेक करने पर घटना स्थल से मिली जानकारी कि आरोपी के वाहन पर शहंशाहे छत्तीसगढ लिखा था उक्त सुराग रस्सी मिलने पर आरोपीयो कि पता तलाश हेत निरीक्षक प्रदीप आर्या व सिविल लाईन पुलिस स्टाफ व एसीसीयू टीम के द्वारा क्षेत्र के अलग अलग स्थानो पर छानबीन करने पर मो0सा0 सैयद अहमद का होना पता चला जिनसे पूछताछ करने पर बताया कि योगेश पंजवानी जो अपनी दुकान बंद करके दुकान कि बिक्री रकम लेकर जाता है जिसे लुटने के नीयत से अपने साथियो के साथ मिलकर प्लान बनाया था, जिसके साथी जैदुल हक पिता फैजुल हक निवासी तालापारा से पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो बताये कि अपने साथी हंसराज राय पिता गोवर्धन राय उम्र 19 साल निवासी ग्राम नवीन चमारी थाना जिला मुगेली का पूर्व में प्रार्थी के दुकान में काम करता था जिसके द्वारा अपने साथियो को मोबाईल फोन से बताया कि प्राथी परसराम पंजवानी या उसका लडका प्रतिदिन करीबन 08.00 बजे से 09.00 बजे के बीच एक-दो लाख रूपये बिक्री रकम लेकर अपने घर जाता है जिसका पैसा बीच में लूटना है। कि आरोपीगण 1 जैदुल हक पिता फैजुल हक उम्र 19 साल निवासी तालापारा मरार गली थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर (छ0ग0) 2 सैयद साद अली पिता सैयद शाहिद अली उम्र 20 साल निवासी तालापारा थाना सि0ला0 3 वेद प्रसाद जांगडे पिता संतोष जांगडे उम्र 119 साल निवासी ग्राम नवीन चमारी थाना जिला मुगेली (छ0ग0) 4 हंसराज राय पिता गोवर्धन राय उम्र 19 साल निवासी ग्राम नवीन चमारी थाना जिला मुगेली 5 आदिल खान पिता स्व. रहीम खान उम्र 25 साल निवासी विद्यानगर थाना तारबहार बिलासपर 6 सैयद अहमद रजा पिता सैयद अमीर अली उम्र 19 साल निवासी तालापारा ख्वाजा नगर थाना सिविल लाईन



जिला बिलासपुर (छ0ग0) 7 पी प्रशांत राव उर्फ आर्यन पिता सोमेश्वर राव उम्र 20 साल निवासी रेल्वे कॉलोनी बंग्लोयाड थाना तारबहार जिला बिलासपुर (छ0ग0) तथा दो विधि से संघर्षरत बालक के साथ मे मिलकर प्लान बनाकर दिनॉक 05.09.2024 को सैयद साद अली प्रार्थी के दुकान के पास बैठकर रेकी कर रहा था कि करीबन 08.00 बजे प्रार्थी का लडका योगेश पंजवानी दुकान बंद कर निकला जो कुन्दन पैलेस के पास पहुचा था उसी समय जैदुल हक, एक विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा अपने मोटर सायकल से योगेश पंजवानी के मोटर सायकल को रोककर रकम लूटने का प्रयास किया गया तो आहत योगेश पंजवानी के विरोध करने पर प्रकरण के विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा अपने हाथ में रखे लोहे के बदनदार चाकू से आहत योगेश पंजवानी को पेट में मार कर जानलेवा हमला किया गया था प्रकरण में विधि से संघर्षरत बालक से घटना में प्रयुक्त चाकू को जप्त किया गया है तथा आरोपीयों के द्वारा षंडयंत्र रचते हेतु उक्त मोबाईल फोन के माध्यम से आहत का रेकी व पीछा कर घटना को घटित किये थे उक्त आरोपीगणों से कुल 08 नग मोबाईल फोन व दो नग मोटर सायकल को जप्त किया गया है। प्रकरण के आरोपीगणों कि गिरफ्तारी की कार्यावाही हेतु एसीसीयू टीम व थाना सिविल लाईन के द्वारा त्वरित आरोपीगणों की पता तलाश कर गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई है। इसके अतिरिक्त शहर के अंदर हो रहे गरबा कार्यक्रम के आसपास सिविल डेऊस में कर्मचारियों को अपराधियों पर नजर रखने हेतु लगाया गया था जो इसी दौरान कुछ संदिग्ध लोगो के संबंध में जानकारी मिलने पर सिविल लाईन पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर आरोपीगण 1- राशीद मिर्जा पिता मिर्जा जावेद उम्र 20 साल निवासी जूनी लाईन थाना सिविल लाईन को घटना स्थल जूनी लाईन बिलासपुर के पास से गिरफ्तार कर एक नग चाकू तथा आरोपी 2- अंकित साहू पिता गजेन्द्र उम्र 21 साल निवासी गोडपारा साई मंदिर गली थाना सिटी कोतवाली को घटना स्थल सिम्स चौक बिलासपुर के पास से गिरफ्तार कर एक नग चाकू एवं आरोपी 3- सुधांशु लास्कर पिता सुरेश उम्र 18 साल निवासी जरहाभाठा थाना सिविल लाईन को घटना स्थल मंदिर चौक जरहाभाठा के पास से गिरफ्तार कर एक नग चाकू को घेरा बंदी कर पकडकर पृथक से 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है, सभी आरोपीगणों को न्यायिक रिमांण्ड पर भेजा गया है

## शिरडी साईं बाबा के दरबार में पहुंची श्रद्धा कपूर



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर शिरडी पहुंचीं, जहां उन्होंने साईं बाबा के दर्शन किए। श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव और पकंज त्रिपाठी हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 सिनेमाघरों में 50 दिन का सफर पूरा कर चुकी है। फिल्म की जबरदस्त सफलता के बाद श्रद्धा कपूर हाल ही में शिरडी साईं बाबा मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। शिरडी के प्रसिद्ध साईं बाबा मंदिर की यात्रा की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।इन तस्वीरों में श्रद्धा बाबा के आगे हाथ जोड़े खड़ी नजर आईं। दूसरी तरफ श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी श्रद्धा की यात्रा की झलक शेयर की गई है, जिसमें श्रद्धा दिखाई दे रही हैं।ट्रस्ट की ओर से शेयर की गई तस्वीरों में से एक फोटो में श्रद्धा हाथ जोड़कर साईं बाबा से प्रार्थना करती नजर आ रही हैं। वहीं एक अन्य फोटो में श्रद्धा मंदिर के अंदर साईं बाबा की मूर्ति के सामने हाथ जोड़े खड़ी नजर आ रही हैं। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने श्रद्धा का अभिनंदन किया।

## फिल्म दो पत्ती में बाइक चलाने को लेकर चिंतित थी काजोल



बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली फिल्म दो पत्ती में बाइक चलाने को लेकर चिंतित थी। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती में काजोल और कृति सेनन की अहम भूमिका है। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है।काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। फिल्म दो पत्ती का निर्माण कनिका ढिल्लों और कृति सेनन ने किया है।

कनिका ढिल्लो ने बताया कि फिल्म दो पत्ती की कहानी सुनते समय काजोल चिंतित हो गयी थी।फिल्म दो पत्ती में पुलिस अफसर के किरदार की वजह से काजोल को बाइक चलानी थी। काजोल को इस बात की चिंता थी कि शूटिंग के दौरान जब-जब उन्हें बाइक पर बैठना पड़ा तब-तब उनके पैर में चोट लग चुकी है। कनिका ने कहा, काजोल मैम ने कहानी सुनने के बाद मुझसे कहा कि कनिका, मैंने पूरी कहानी सुनी, बड़ा मजा आया, लेकिन मुझे बाइक चलानी नहीं आती। इस पर मैंने जवाब दिया कि हम मैनेज कर लेंगे। उन्होंने मुझे चेतावनी दी कि जिस फिल्म में मैं बाइक पर बैठी हूं, उसमें मैंने अपना पैर तोड़ लिया है। तो वो देख लेना! फिल्म दो पत्ती 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म में तन्वी आजमी और शहीर शेख भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

## रणवीर सिंह के साथ जोड़ी जमायेगी सारा अर्जुन

दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री सारा अर्जुन सिल्वर स्क्रीन पर बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के साथ जोड़ी जमाती नजर आ सकती हैं। रणवीर सिंह,आदित्य धर के निर्देशन में बनने वाली जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त आर. माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे अन्य कलाकार भी होंगे। चर्चा है कि आदित्य धर ने इस फिल्म में रणवीर के साथ रोमांटिक लीड रोल निभाने के लिए सारा अर्जुन को चुना है।बाल कलाकार के रूप में सारा अर्जुन ने जय हो, जज्बा,सांड की आंख, जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियन सेलवन में ऐश्वर्या राय बच्चन का युवा पात्र निभाया था। आदित्य धर की फिल्म में रणवीर सिंह पाकिस्तान में एक मिशन पर खुफिया अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। आर माधवन और अर्जुन रामपाल भी भारतीय खुफिया एजेंसियों के सदस्यों की भूमिका में होंगे, जबकि संजय दत्त खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म को अगले साल की दूसरी छमाही में रिलीज करने की योजना है।



## अपनी गायकी से तृप्ति डिमरी ने दर्शकों को किया प्रभावित

एक्टर राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान राजकुमार राव 'सा रे गा मा पा' के सेट पर पहुंचे और यहां खूब हंगामा किया। हालांकि, राजकुमार राव के डांस की झलक देखकर सोशल मीडिया पर लोग हैरान हैं। नए नवरात्रि स्पेशल एपिसोड में राजकुमार, तृप्ति और शिल्पा शेट्टी एक साथ नजर आए। तृप्ति के आते ही उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, सा रे गा मा पा' के मंच पर आना मेरा बचपन का सपना था। राजकुमार राव ने तृप्ति की संगीत प्रतिभा को उजागर करते हुए उत्साह को और बढ़ाते हुए कहा, तृप्ति एक पेशेवर रूप से प्रशिक्षित गायिका हैं। जैसे ही राजकुमार ने तृप्ति की तारीफ की, उन्होंने माइक लिया और 'तुम जो मिले हो' गाना गाया, इससे सेट पर मौजूद सभी लोग उनकी गायन प्रतिभा से आश्चर्यचकित हो गए। शो के इस सीजन में संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर शामिल हैं, जो प्रतिभाशाली संगीतकार-गीतकार जोड़ी सचेत-परंपरा और प्रशंसित गायक-गीतकार गुरु रंधावा के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। शो को विपुल रॉय और सलमान अली होस्ट कर रहे हैं। 'सा रे गा मा पा' शनिवार और रविवार को ज़ी टीवी पर प्रसारित होता है। इस बीच, 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी द्वारा निभाए गए मुख्य किरदार को दिखाया गया है, जो अपनी पहली रात को यादगार के तौर पर फिल्माने का फैसला करते हैं। लेक नि वीड यिो बनाने के बाद उसकी सीटी गायब हो जाती है। इससे हंगामा मच जाता है। टी-सीरीज, बालाजी मोशन पिक्चर्स, वकाओ फिल्म और कथावाचक फिल्म्स के बैनर तले निर्मित 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' 11 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





## श्वेता तिवारी ने शेयर की बर्थ डे सेलिब्रेशन की तस्वीरें

टीवी की जानीमानी अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने अपने बर्थ डे सेलिब्रेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। श्वेता तिवारी ने इस साल अपना जन्मदिन दुबई में मनाया। इस दौरान उनके साथ उनके खास दोस्त भी नजर आये। श्वेता ने अपने जन्मदिन की तस्वीरें इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की हैं, जिसमें वह एक रेस्टोरेंट में जन्मदिन का जश्न मनाती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में श्वेता तिवारी का स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है। उन्होंने व्हाइट क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग शर्ट और ब्लू डेनिम पहनी है।

श्वेता तिवारी इन तस्वीरों को इंस्टग्राम पर शेयर करते हुए केप्शन में लिखा, मेरा जन्मदिन मनाने के लिए दुबई आने के लिए आप लोगों को धन्यवाद..मैं तुम लोगों से बहुत प्यार करती हूं। श्वेता तिवारी की ये तस्वीरें देखकर फैंस उनको बर्थडे विश करने के साथ हीं उनकी जमकर तारीफ भी कर रहे हैं।

# राजरंग

## बीजू जनता दल की राज्यपाल पर नजर

ओडिशा में विधानसभा चुनाव के बाद ऐसा लग रहा था कि लगातार 24 साल राज करने के बाद थके हुए नवीन पटनायक सक्रिय विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। लेकिन उन्होंने पहले दिन से सबको गलत साबित किया है। वे लगातार सक्रिय हैं और भाजपा को घेरने का काम कर रहे हैं। अभी उनकी पार्टी की नजर मुख्यमंत्री से ज्यादा राज्यपाल पर लगी है। बीजू जनता दल ने राजभवन में होने वाली गतिविधियों को निशाना बनाते हुए कहा है कि ओडिशा का राजभवन भाजपा का चुनावी वार रूम बन गया है। गौरतलब है कि ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास हैं, जिनके बारे में लगातार यह चर्चा चल रही है कि वे झारखंड लौटना चाहते हैं, जहां अभी विधानसभा चुनाव हो रहा है। हालांकि वे अभी तुरंत सक्रिय राजनीति में नहीं लौटने जा रहे हैं लेकिन बीजद का हमला जारी है।

पिछले दिनों झारखंड चुनाव के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ओडिशा के राजभवन पहुंचे थे। वे राज्यपाल से मिले और बाद में कहा कि उनकी यात्रा निजी है। लेकिन बीजद ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया है। ध्यान रहे ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी लगातार झारखंड में प्रचार कर रहे हैं, राज्यपाल के झारखंड जाकर चुनाव लड़ने की चर्चाएं होती हैं, राज्यपाल का दिल्ली दौरा होता है और इस बीच झारखंड चुनाव के सह प्रभारी का ओडिशा का दौरा करते हैं तो इन सबको मिला कर बीजू जनता दल ने बड़ा मुद्दा बना दिया। इस बीच पूर्व उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू भी ओडिशा के दौरे पर गए और राज्यपाल रघुबर दास से उनकी भी मुलाकात हुई। उधर झारखंड में हेमंत सोरेन भी कह रहे हैं कि उनके खिलाफ जो मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री लगाए गए हैं उनमें से एक ओडिशा राजभवन में हैं।

## चुनाव से पहले भाजपा के कैसे कैसे दांव

हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए शनिवार, पांच अक्टूबर को वोटिंग हो रही थी। लोग वोटिंग की लाइन में खड़े थे और उसी समय लोगों के मोबाइल फोन पर मैसेज आने शुरू हो गए कि उनके खाते में दो दो हजार रुपए जमा हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम में एक बटन दबाया और किसानों के खाते में पैसे पहुंचने शुरू हो गए। किसी तरह से चुनाव जीतने या हार का अंतर कम करने की बेचैन कोशिश के तहत भाजपा की सरकार ने यह दांव आजमाया है। हैरानी है कि चुनाव आयोग ने कैसे इसकी मंजूरी दी? क्या यह पैसा एक दिन बाद यानी छह अक्टूबर को किसानों के खाते में नहीं जा सकता था? यह कहने का भी कोई मतलब नहीं है कि पांच अक्टूबर का दिन पहले से तय था। अगर पांच अक्टूबर का दिन पहले से तय था तो चुनाव आयोग ने क्यों हरियाणा की चुनाव की तारीख एक अक्टूबर से बढ़ा कर पांच अक्टूबर किया?

गौरतलब है कि हरियाणा में पहले एक अक्टूबर को मतदान होना था। लेकिन बिश्नोई समाज के त्योहार और लंबी छुट्टी की गणना के बाद चुनाव आयोग ने तारीख बढ़ा कर पांच अक्टूबर कर दी। उस समय तक ऐसी कोई सूचना नहीं थी कि किसान सम्मान निधि का पैसा किस दिन किसानों के खाते में जाएगा। लेकिन ऐन मतदान से पहले अखबारों में विज्ञापन और खबरें छपीं कि पांच अक्टूबर को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा किसानो के खाते में जाएगा। चुनाव आयोग इसे रोक सकता था। लेकिन लोगों के मतदान व्यवहार को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाला यह काम आयोग ने होने दिया।

जाहिर है, जब चुनाव आयोग ने ऐन मतदान के दिन लोगों के खाते में पैसा डालने का फैसला नहीं टलवाया तो पहले हुए नीतिगत फैसलों पर वह क्या कर सकती थी? ध्यान रहे हरियाणा खेती किसानी वाला प्रदेश है। जवान, पहलवान और किसान सबसे प्रभावी समूह हैं। दूसरे, देश के उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां शाकाहारी आबादी मांसाहारी आबादी से ज्यादा है। राज्य में दूध दही का खाना माना जाता है। तभी महाराष्ट्र सरकार द्वारा गाय को 'राज्यमाता गौमाता' घोषित करने का फैसला भी कहीं न कहीं हरियाणा के चुनाव को भी ध्यान में रख कर किया गया है। महाराष्ट्र पहला राज्य है, जिसने ऐसा किया है।

इसी तरह किसानों को ध्यान में रख कर केंद्र सरकार ने कुछ समय पहले प्याज और बासमती चावल के निर्यात के लिए तय न्यूनतम निर्यात मूल्य की सीमा समाप्त कर दी। इस सीमा की वजह से किसान अपनी फसल का निर्यात नहीं कर पा रहे थे। प्याज का फैसला महाराष्ट्र को ध्यान में रख कर किया गया तो बासमती चावल का फैसला हरियाणा को ध्यान में रख कर किया गया। इस फैसले से भी केंद्र सरकार ने दो बड़े नीतिगत फैसले किए थे। उसने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना से मिलती जुलती एकीकृत पेंशन योजना लागू करने का ऐलान किया। इसके बाद आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की घोषणा की। इन तमाम नीतिगत फैसलों के मामले में भी चुनाव आयोग मूकदर्शक बना रहा।

## जम्मू कश्मीर में बहुमत का आंकड़ा क्या रहेगा?

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले इस बात का सस्पेंस बन गया है कि विधानसभा त्रिशंकु होगा या किसी पार्टी या गठबंधन को बहुमत मिल जाएगा? अकेले किसी पार्टी को बहुमत मिलने की संभावना नहीं है क्योंकि कोई भी पार्टी इतनी सीटें अकेले नहीं लड़ रही है कि वह 46 सीट जीत जाए। भाजपा को जम्मू क्षेत्र की 43 और कश्मीर की 19 सीटों पर लड़ी है। इसमें भी कश्मीर घाटी में उसे पहले की तरह कोई सीट मिलने की संभावना नहीं है। उसकी असली लड़ाई 43 सीटों की ही है। बहरहाल, एक दूसरा सस्पेंस यह है कि बहुमत का आंकड़ा 46 का होगा या 48 सीट का? गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर विधानसभा 90 सदस्यों की है लेकिन कुछ दिन पहले हुए संशोधन के जरिए उप राज्यपाल को पांच सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार भी दिया गया है।

अगर पांच मनोनीत सदस्य मतदान में हिस्सा लेते हैं तो विधानसभा 95 सदस्यों की हो जाएगी और बहुमत का आंकड़ा 48 का हो जाएगा। राजनीति और कानून व संविधान के जानकार इस पर माथापच्ची कर रहे हैं कि पांच मनोनीत सदस्यों की क्या स्थिति रहने वाली है। उनको मतदान का अधिकार मिलता है या नहीं। उप राज्यपाल को दो महिला सदस्यों के मनोनयन का अधिकार है और साथ ही तीन विस्थापितों का मनोनयन भी वे कर सकते हैं। जाहिर है यह मनोनयन किसी वस्तुनिष्ठ आधार पर नहीं होगा। अगर मनोनीत सदस्यों को वोट डालने का अधिकार मिलता है तो लगभग सौ फीसदी संभावना है कि वे भाजपा के पक्ष में वोट करेंगे। लेकिन भाजपा इस कार्ड का भी इस्तेमाल तभी कर सकती है, जब उसके और उसका समर्थन करने वाले निर्दलीय व छोटी पार्टियों के विधायकों की संख्या 40 से ऊपर जाए। जम्मू कश्मीर के नतीजों से पहले एक्जिट पोल कुछ भी कहें एक तीसरा सस्पेंस इस बात का भी है कि सबसे बड़ी पार्टी कौन होगा?

## नेता प्रतिपक्ष की भी सौ दिन की उपलब्धियां

आमतौर पर सरकारें अपनी उपलब्धियों का ब्योरा देती हैं। जैसे पिछले दिनों केंद्र सरकार ने सौ दिन की उपलब्धियों का ब्योरा दिया। नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन की उपलब्धियों का बहुत ढोल पीटा गया। खुद प्रधानमंत्री ने हर जगह उपलब्धियां बताईं तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ढेर सारे फैसलों और परियोजनाओं की जानकारी दी। यह संभवतः पहली बार हो रहा है कि कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष के सौ दिन की उपलब्धियों का ब्योरा जारी किया है। इससे पहले अधीर रंजन चौधरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता था और उससे पहले मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में कांग्रेस के नेता थे लेकिन उनके सौ दिन की उपलब्धियां कांग्रेस ने नहीं बताई थी।

अब राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं तो कांग्रेस ने उनकी सौ दिन की उपलब्धियां बताई हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार, चार अक्टूबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष के तौर पर किए गए कामों के बारे में बताया। हालांकि इसमें वास्तविक काम कोई नहीं है लेकिन उन्होंने राहुल गांधी के भाषणों को ही काम बता कर उसे उपलब्धि के तौर पर पेश किया। सोचें, अब भाषण देना भी उपलब्धि है? केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी ने यहां आवाज उठाई, वहां आवाज उठाई, पेपर लीक पर बोले, मणिपुर पर बोले और आदर्श विपक्ष की मिसाल पेश की। जाहिर है नेता विपक्ष कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकता है या परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं कर सकता है। लेकिन राहुल गांधी की पार्टी की तीन राज्यों में सरकार थी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में जो वादे किए थे उनमें से कुछ भी अपने शासन वाले राज्यों में लागू कराते और उसको उपलब्धि बना कर पेश किया जाता तो कुछ बात बनती।

## ओटीपी के सिस्टम से सदस्य बनाना मुश्किल

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान जोर नहीं पकड़ पा रहा है। सदस्यता अभियान दो सितंबर को शुरू हुआ था। इसका मतलब है कि एक महीने से ज्यादा बीत गए हैं और अब 20 दिन से कम का समय बचा है। भाजपा ने 10 करोड़ सदस्य बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया था, जिससे वह अभी बहुत पीछे है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता इसे लेकर कई तरह की बातें बता रहे हैं। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव थोड़े दिन पहले ही खत्म हुआ है और सारे नेता व कार्यकर्ता थके हुए हैं। ऊपर से जनता का भी मोहभंग है। जनता में भाजपा को लेकर कोई खास उत्साह नहीं है। लोग सदस्य बनाए जाने के अभियान को एक जबरदस्ती की तरह देख रहे हैं और कहीं भी भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं का स्वागत नहीं हो रहा है। ऊपर से मोबाइल नंबर लेना और उस पर ओटीपी भेजा जाना अलग मुसीबत का कारण बना है।

बिहार में सदस्यता अभियान में जुड़े भाजपा के एक नेता ने बताया कि मोबाइल नंबर लेने और उस पर ओटीपी मंगा कर सदस्यता कन्फर्म कराना बहुत मुश्किल काम हो गया है। लोग डिजिटल फ्रॉड को लेकर आशंकित हैं। उनको लग रहा है कि ओटीपी के जरिए उनके खाते से पैसा निकाला जा सकता है। ध्यान रहे यूपीआई, गूगल पे आदि का इस्तेमाल करने वाले लोगों की बैंकिंग मोबाइल फोन नंबर और ओटीपी से ही होती है। तभी अगर सदस्य बनाने के लिए पहुंचा नेता बहुत अच्छा जानकार नहीं है तो लोग सदस्य नहीं बन रहे हैं। बिहार में कई जगह लोगों ने सचमुच पैसा निकाल लिए जाने की शिकायत की है। हालांकि भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए ओटीपी मंगाने से उनके खाते में फ्रॉड हुआ हो ऐसा नहीं है लेकिन लोग इसे उसके साथ जोड़ रहे हैं। तभी भाजपा के कार्यकर्ता और नेता भी लोगों के पास जाकर सदस्य बनाने से हिचक रहे हैं क्योंकि लोग लड़ने लग रहे हैं। बाकी गुजरात में तो अस्पतालों में इंजेक्शन और टीका लगाने के समय भी भाजपा का सदस्य बन जाने का ओटीपी आ रहा है।

# नवरात्रि में सज गया संतोषी माता मंदिर,माँ वैष्णो देवी का सजा दरबार




**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के देवी मंदिर सजे हुए हैं। जगह जगह मां की प्रतिमाएं विराजमान हैं। मंदिरों एवं पंडालों में आरती,हवन, पूजन एवं भजन,कीर्तनआदि कार्यक्रमो के आयोजन किये जा रहे हैं। नवरात्र में संतोषी माता मंदिर प्रांगण में माता वैष्णों का भव्य दरबार सजाया गया है। मंदिर के पुजारी अभिमन्यु गोस्वामी एवं रवि गोस्वामी ने पिंडी को स्वयं तैयार किया है । पिंडी को गुफा में विराजमान किया गया है,वहीं माता की प्रतिमा की प्रतिदिन पूजा अर्चना की जा रही है। नौ दिन तक पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।मंदिरों में माता रानी के दर्शन को भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कई जगह रात्रि जागरण एवं भजन संध्या आदि कार्यक्रम चल रहे हैं,जिसमें पहुंचकर शहरवासी धर्मलाभ ले रहे हैं।

**महिला सुरक्षा अभियान में पुलिस की पैनी नजर**

# चौराहा पुलिस मां दुर्गा की झांकियां पर कर रही है पेट्रोलिंग

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**



गोहद। इन दिनों शहर में नवरात्रि पर भव्य झांकियां का आयोजन हो रहा है। मां दुर्गा के दर्शन व झांकी देखने के लिए रात्रि में महिलाएं शहर में निकलते हैं तो इस दौरान कई बार इनके साथ लूटपाट, अभद्रता अनहोनी व अन्य प्रकार की घटनाएं देखने को मिलती थी। इसी को लेकर इस बार गोहद चौराहा पुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है और अपने सभी पुलिस जवानों को महिला सुरक्षा में मुस्तैदी से लगा दिया हैं। इसके लिए प्रतिदिन बाइकों एवं स्कूटी पर सवार होकर पुलिस के जवान झांकियां एवं रास्तों की पेट्रोलिंग करते हैं इस पेट्रोलिंग में महिला पुलिस को भी शामिल किया गया हैं। इसी को लेकर आज रविवार को गोहद चौराहा थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह सेंगर के द्वारा अलग-अलग पुलिस की टुकड़िया बनाकर पेट्रोलिंग कराई गई जो देर रात्रि तक यानी जब तक मां दुर्गा की झांकियां लगी रहेगी तब तक पुलिस फोर्स की अनवरत निरंतर पेट्रोलिंग जारी रहेगी। पेट्रोलिंग का मकसद मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर भिंड पुलिस अधीक्षक असित यादव एवं एसडीओपी सौरव कुमार के निर्देशन में महिला सुरक्षा के प्रति गंभीरता एवं शासन के द्वारा पुलिस को दिए गए निर्देश के पालन में गंभीरता पूर्वक कार्य किया जा रहा है।

# आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला शिवपुरी के बदरवास

**पत्रकार हरिओम परिहार**

प्रखंड में समिति दर्शन कार्यक्रम नियमित कार्ययोजना बैठक संपन्न हुई ओर शस्त्र पूजन किया।जिसमें विभागमंत्री श्री नरेश जी ओझा,जिला अध्यक्ष श्री राम सिंह जी यादव जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसमें उपस्थित जिला सह गोसेवा प्रमुख श्री राम सेवक जी परिहारएवं बदरवास प्रखंड अध्यक्ष श्री ललित शर्मा जी प्रखंड उपाध्यक्ष श्री सपनेश सोनी जी संयोजक श्री ऋषि गोस्वामी जी एवं बदरवास प्रखंड के पदाधिकार एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दतिया निवास माई कृपा पहुँचकर आमजन से की मुलाकात,

जनसमस्यो को सुना , आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु, सम्बंधित अधिकारीयो से चर्चा के समस्या के निराकरण हेतु निर्देशित किया,

# मगरोनी में भव्य माता काली की 121 मीटर लंबी चुनरी यात्रा का आयोजन



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे से**
**पत्रकार सतीश परिहार**



.मगरोनी, आज नगर परिषद मगरोनी में आज बड़े हर्ष और उल्लास के साथ माता काली की 121 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई इस यात्रा में नगर के सभी धर्मप्रेमी और माताएं शामिल हुई चुनरी यात्रा का प्रारंभ खेड़ापति माता मंदिर से हुआ, जो कटरा बाजार, नीलनगर चौराहा, आरा मशीन, और प्रजापति मोहल्ला होते हुए महाकाली के प्रांगण में संपन्न हुईइस भव्य आयोजन का प्रबंधन मनीष रमेश प्रसाद खटीक, राजेश खटीक, बल्लू खटीक, गगन खटीक, गिर्राज तोमर, छोटू सोनी, तारान सिंह तोमर, संतोष राजपूत, भबानीशंकर कोरकू, जंडेल सिंह गुर्जर और समस्त खटीक समाज एवं मगरोनी के भक्तजन के सहयोग से किया गयाचुनरी यात्रा के दौरान सभी भक्तजन माता काली की भक्ति में डूबे रहे यात्रा के गंतव्य पर पहुंचने के बाद मनीष रमेश प्रसाद खटीक ने सभी भक्तजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया इस प्रकार, नगर मगरोनी में मातृशक्ति की भक्ति का एक अनूठा और भव्य नजारा देखने को मिला..!!!

# थाना मझगवां पुलिस दो सहेलियो के साथ हुये दुष्कर्म के आरोपियों को किया गिरफ्तार।

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



श्री आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक सतना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात श्री विक्रमसिंह कुशवाह के निर्देशन एवं श्री रोहित राठौर एसडीओपी चित्रकूट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मझगवां निरीक्षक आदित्य नारायण धुर्वे व उनकी टीम के द्वारा दुष्कर्म के आरोपियो को किया गया गिरफ्तार।

घटना का मुख्य सारांश-दिनांक 02/10/2024 को गांव (काल्पनिक) से दो सहेली रीता व गीता (काल्पनिक) नाम शींच के लिए बाहर का रही थी तभी रास्ते में ग्राम लालपुर के प्रकाश ऊर्फ आशीष मवासी एवं गोलू ऊर्फ विपिन श्रीवास्वत दोनो निवासी लालपुर थाना सिंहपुर के ग्राम चकर के बाहर रास्ते मे मिल गये, दोनो लड़के दोनों लडकियो को बातचीत करते प्राम चकर के सझोली जंगल तरफ ले गये जहां पर प्रकाश ऊर्फ आशीष मवासी ने लडकी रीता (काल्पनिक नाम) के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया एवं गोलू ऊर्फ विपिन श्रीवास्तव ने गीता (काल्पनिक नाम) की लडकी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। किसी तरह से वहां से एक लडकी रीता (काल्पनिक नाम) भागकर अपनी बड़ी मम्मी के पास चली गई वहां व रात भर रूकी रही दूसरे दिन अपने घर पहुंच कर घटना की बात बतायी उसके पूर्व उक्त लड़की के परिजन थाना में गुमशुदगी दर्ज करा चुके थे जो गुमशुदा लडकी रीता (काल्पनिक नाम) को दस्तयाब कर पूछताछ पर दुष्कर्म का मामला होने एवं दूसरे लडकी गीता (काल्पनिक नाम) की दिनांक 03/10/24 को सझीली के जंगल मे फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना प्राप्त हुई जो उक्त लडकी के शव का पंचनामा कार्यवाही करते हुए डाक्टर टीम से पीएम कराया गया जो पीएम रिपोर्ट में दुष्कर्म होने की पुष्टि हुई को उक्त दोनो आरोपी प्रकाश ऊर्फ आशीष मवासी एवं गोलू ऊर्फ विपिन श्रीवास्वत दोनो निवासी लालपुर थाना सिंहपुर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर मामला गंभीर प्रकृति का होने से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया व बरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन मे दो अलग अलग टीम बनाकर आरोपियों की पता तलाश की गई जो आरोपी प्रकाश ऊर्फ आशीष मवासी एवं गोलू उर्फ विपिन श्रीवास्वत दोनो निवासी लालपुर थाना सिंहपुर जिला सतना को गिर0 कर आज दिनांक 06/10/2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया जहां से उक्त दोनो आरोपियो को माननीय न्यायालय द्वारा न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# ग्राम पंचायत की रास्ता हुई जानलेवा जिले की जनपद



**पत्रकार हरिओम परिहार**

पंचायत खनियाधाना के ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द में एक सरपंच की दबंगई जिसमें जान से मारने की धमकी देते हुए नजर आ रहे हैं एवं पत्रकार को धमकी देते हुए नजर आए आए दिन पत्रकारों को पत्रकारता करना पड़ रहा है बड़ा मुश्किल जिसमें रास्ते की बात कही तो जान से मारने की धमकी आई आपको बता दें यह ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द में रास्ता जाटव मोहल्ला परिहार मोहल्ला मेंन रास्ता है जहां से हर गाड़ी का निकलना रहता है जिसमें वह रास्ते को मशीन द्वारा खुदाई करवा दी उस मोहल्ले में जिससे 50 परिवार रहते हैंऐसे हैं जिससे उनको इस रास्ते से हर संभव निकलना रहता है और कोई रास्ता है नहीं है जिससे निकल सके और कई हाथसे हो गए उस रास्ते से कई बच्चे बुजुर्ग गिर पड़े जब पत्रकार ने सरपंच से बात रखी तो जान से मारने की धमकी आई आपको बता दे कि इस तरह की पत्रकार की छवि को धूमिल किया गया है प्रशासन द्वारा इस सरपंच के ऊपर कारवाई होती है कि नहीं पंचायत में इतनी घोटाले हुए हैं जिसकी आज दिन तक कोई जांच नहीं हुई सीसी निर्माण से लेकर शौचालय से लेकर बहुत सारे ऐसे घोटाले हैं जो सरपंच द्वारा घोटाले करते रहते हैं जो पत्रकार उसकी आवाज उठाते हैं तो उनको धमकाया जाता है ग्राम पंचायत सरपंच अभिनंदन लोधी द्वारा बताया जाता है कि तुझे मैं बताता हूं पत्रकारिता करना तू कितना बड़ा पत्रकार है और बोलता है तू यहां पर आकर दिखा और तुझ में हिम्मत है तो पत्रकारों को पत्रकारिता करना पड़ा बड़ी मुश्किल आपको बताते हैं यह मामला जिले की तहसील खनियाधाना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द का मामला है जहां रास्ते को लेकर हो जाती है बड़ी घटनाएं आए दिन एक से बढ़कर एक होती है घटनाएं इस बात को लेकर जब

**इनका कहना**

जनपद पंचायत खनियाधाना सीईओ मोगराज मीणा जी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मामले को मैं गंभीरता से लेता हूं और कल ही देखता हूं इस बात की मुझे आज जानकारी मिली है

# करोड़ों की लागत से बनी रन्नौद की शासकीय महाविद्यालय की बिल्डिंग की दीवारे जगह-जगह से चटकी



**पत्रकार प्रदीप जैन (पिंटू)**
**रन्नौद**

रन्नौद शासकीय महाविद्यालय में घटिया निर्माण और ठेकेदार की मनमानी का नतीजा आया सामने यह बिल्डिंग अभी नई है और करोड़ों रुपए का टेंडर लगा था लिकिन ठेकेदार की मनमानी से दीबारे पूरी तरह से चटक गई है छत पर फिलहाल घटिया निर्माण को छिपाने के लिए टीन सैट से दीवारों को ढक दिया है अभी बिल्डिंग गारंटी पीरियड में है ठेकेदार को इसकी मरम्मत कराना चाहिए

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिला सुरक्षा अभियान में पुलिस माता की झांकियों पर कर रही है पेट्रोलिंग ।



**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद। इन दिनों शहर में नवरात्रि पर भव्य झांकियों का आयोजन हो रहा है। मां दुर्गा के दर्शन व झांकी देखने के लिए रात्रि में महिलाएं शहर में निकलते हैं तो इस दौरान कई बार घटनाएं देखने को मिलती थी। इसी को लेकर इस बार गोहद, एण्डोरी, मालनपुर,मौ, झांकरी,गोहद चौराहा पुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है।और अपने सभी पुलिस जवानों को महिला सुरक्षा में मुस्तैदी से लगा दिया हैं। इसके लिए प्रतिदिन बाइकों एवं स्कूटी पर सवार होकर पुलिस के जवान झांकियां एवं रास्तों की पेट्रोलिंग करते हैं इस पेट्रोलिंग में महिला पुलिस को भी शामिल किया गया हैं। इसी को लेकर आज रविवार को गोहद चौराहा थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह सेंगर के द्वारा बीट प्रभारियों के के माध्यम से अलग-अलग पुलिस की टुकड़िया बनाकर पेट्रोलिंग कराई गई जो देर रात्रि तक यानी जब तक झांकियां लगी रहेगी। तब तक पुलिस फोर्स की अनवरत निरंतर पेट्रोलिंग जारी रहेगी। पेट्रोलिंग का मकसद मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर भिंड पुलिस अधीक्षक असित यादव , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी सौरभ कुमार के निर्देशन में महिला सुरक्षा के प्रति गंभीरता एवं शासन के द्वारा पुलिस को दिए गए निर्देश के पालन में गंभीरता पूर्वक कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पूरे प्रदेश में बहनों की सुरक्षा की दृष्टि से विशेष व्यवस्था लगाई जाने के लिए निर्देशित किया है जिसमें पूजा स्थलों एवं गरबा स्थलों के आसपास दो पहिया वाहनों से महिला पुलिस बल निरंतर पेट्रोलियम करेगी तथा बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।इनके सहयोग में अन्य पुलिस बल भी तैनात रहेगा एवं आधुनिक निगरानी संसाधन ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे आदि का भी प्रयोग किया जाएगा। गांव गांव जाकर पुलिस शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखेगी।वर्जन- नवरात्रि पर्व के दौरान महिला सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था के तहत शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार दो पहिया वाहनों से महिला बल एवं अन्य पुलिस बल के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की कार्यवाही पूजा स्थलों एवं मार्गों पर की जा रही है।-सौरभ कुमार एसडीओपी गोहद

# सभापुर थाना इलाके के नेवारी के पास मचखड़ा निवासी अरुण त्रिपाठी की निर्मम अंधी हत्या की वारदात का सनसनीखेज खुलासा

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

घटना का विवरण:**दिनांक 03.10.2024 को दोपहर करीब 02.30 बजे यह सूचना प्राप्त हुई कि धारकुंडी** जैतावारा रोड मचखडा गाव के पास रोड के किनारे अरुण त्रिपाठी पिता काशीराम त्रिपाठी निवासी मचखडा का अज्ञात व्यक्तियो द्वारा हत्या कर दी गई है जिसका शव रोड के किनारे पडा है। मौके पर सभापुर पुलिस द्वारा तत्काल पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल से मृतक की मोटरसायकल व शव को कब्जे मे लेकर पीएम वास्ते पीएचसी बिरसिंहपुर रवाना किया गया। फरियादी व सूचनाकर्ता द्वारा गोली से मारने का रिपोर्ट की गयी थी जिसकी तस्दीक हेतु शव को पीएचसी बिरसिंहपुर से जिला चिकित्सालय सतना फारेंसिंक टीम व मेडिकल कालेज की टीम से पीएम हेतु सतना रवाना किया गया। डाक्टर टीम द्वारा शव का पोस्ट मार्टम कर मृतक अरुण त्रिपाठी की मृत्यु घोपदार हथियार से चोट पहुंचाकर फेफडा ब्रस्ट होने से लेख किया गया है।

**घटना का खुलासा** -इस गंभीर घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता को मिलते ही अज्ञात आरोपियो की तलास पतासाजी हेतु एएसपी देहात विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी चित्रकूट रोहित राठोर द्वारा थाना प्रभारी बरौंधा, जैतवारा, कोटर, धारकुंडी, रामपुर बघेलान व सावयर सेल की विशेष टीमों का गठन किया गया की वो पता लगाए की इस सनसनीखेज वारदात को किसने अंजाम दिया है और क्यों अंजाम दिया है। अलग अलग बनाई गयी पुलिस टीमों के द्वारा घटनास्थल से आने जाने वाले रास्तो के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज का अवलोकन किया गया तथा एक अन्य टीम आस पास के क्षेत्र में आसूचना संकलन हेतु लगाई गयी। घटनास्थल से आरोपियों के भागने के संभावित रास्तों पर सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया गया जिससे सबसे पहले ग्राम बड़ापगार से सभापुर मार्ग पर घटना के समय के आसपास मोटरसाइकिलों पर युवक बैठकर घटनास्थल से तेज रफ्तार से सभापुर तरफ आते दिखाई दिए, फिर सभापुर कस्बा मे अस्पताल तिराहा के सीसीटीवी कैमरा आरोपी दिखाई दिए सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन करते हुए आरोपियों के भागने का रास्ता पहचान में आया तथा सीसीटीवी फुटेज में कुछ आरोपीगण के चेहरे भी स्पष्ट हुए जिन्हें मुखबिरो को दिखाया गया मुखबिर द्वारा आरोपियों की पहचान जिला रीवा का होना बताया।स्थानीय मुखबिरो द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपियो की धर पकड हेतु टीमे सुरसा खुर्द, हिनौता, खैरी, रीवा रवाना की गयी।

प्रकरण मे 08 आरोपी

1. रामखेलावन उर्फ रितिक साकेत पिता रन्नू लाल साकेत उम्र 24 वर्ष निवासी सुरसाखुर्द थाना कर्चुलियान जिला रीवा, 2. अमित साकेत पितारामलाल साकेत उम्र 24 वर्ष निवासी रायपुर खैरा नई वस्ती थाना चोरहटा जिला रीवा 3. साजन उर्फ संजू साकेत पिता कामता प्रसाद साकेत उम्र 18 वर्ष निवासी सुरसाखुर्द 4. कृष्णा लखेरा पिता संतोष लखेरा उम्र 18 वर्ष निवासी खैरी नईबस्ती थाना चोरहटा एवं 04 किशोर




(नावालिक) लडके को अभिरक्षा मे लेकर घटना के संबंध मे पुछताछ की गयी।

जो पूरी घटना का वृतांत बताये कि दिनांक 02.10.24 को रितिक एवं संजू अपने महिला मित्रो के साथ घुमने के उदेश्य से मचखडा पहाड तरफ आये थे जहा मृतक अरुण त्रिपाठी द्वारा मोबाइल से उनका फोटो वीडियो बना लिया गया था। इसके बाद आरोपी द्वारा दस हजार रुपये की मांग की गयी एवं अन्यथा की स्थिति मे वह फोटो वीडियो वायरल करने के लिए बोला था। इससे घबराकर आरोपी द्वारा मृतक अरुण से बताया गया कि मेरे पास मात्र 2000 रु. है जो मृतक को दिये गए थे। किंतु मृतक अरुण त्रिपाठी दस हजार की मांग पर अडा रहा एवं शेष आठ हजार देने की बात कही और पैसे नहीं देने पर वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी दी। तब आरोपीगण वापस रीवा जाकर अन्य साथियो के साथ मिलकर मृतक अरुण त्रिपाठी की हत्या की साजिश रची एवं दिनांक 03.10.2024 को दोपहार करीब 01.30 बजे मचखडा पहुंचे। तीन ग्रुप बनाकर स्थान चिन्हित कर मृतक के खेत के पास मेन रोड पर खडे होकर अरुण त्रिपाठी का इंतजार करने लगे जब मृतक अरुण त्रिपाठी आया तो आरोपीगण द्वारा उसे रोककर उसके द्वारा बनाए गए फोटो वीडियो की मांग की जिससे आरोपीगण तथा मृतक अरुण त्रिपाठी के बीच वाद विवाद होने लगा तब सभी आरोपीगण मिलकर गाली गलौज कर लात घूंसे एवम लाठी डंडे से मृतक के साथ मारपीट करने लगे। मृतक अरुण त्रिपाठी लपटकर अपने पास रखी गुप्ती निकालने लगा जिसे रितिक ने पकड लिया एवं उसी गुप्ती से अरुण के चेहरे एवं सीने पर वार किया जिससे अरुण त्रिपाठी मौके पर लड़खड़ाकर आगे जाकर गिर पडा तब आरोपीगण अरुण त्रिपाठी का मोबाईल तथा हत्या में प्रयुक्त गुप्ती लेकर अपने मोटरसायकल से रीवा भाग गये। गिरफ्तार आरोपीगण के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त गुप्ती, मृतक का मोबाइल फोन का कवर तथा मोबाइल फोन टूटी हुई हालत में तथा मोटर साइकल जिनसे आरोपीगण घटनास्थल पहुंचे थे बरामद किया जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम व पते–

1. रामखेलावन साकेत उर्फ रितिक पिता रन्नू लाल साकेत उम्र 24 वर्ष निवासी सुरसाखुर्द थाना कर्चुलियान जिला रीवा
2. अमित साकेत पितारामलाल साकेत उम्र 24 वर्ष निवासी रायपुर खैरा नई वस्ती थाना चोरहटा जिला रीवा
3. साजन उर्फ संजू साकेत पिता कामता प्रसाद साकेत उम्र 18 वर्ष निवासी सुरसाखुर्द
4. कृष्णा लखेरा पिता संतोष लखेरा उम्र 18 वर्ष निवासी खैरी नईबस्ती थाना चोरहटा।

एवं 04 किशोर (नावालिक)

जब्त सामग्रीः -

घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकले एवं गुप्ती तथा मृतक का टूटा हुआ मोबाइल। सराहनीय कार्य में योगदान-

प्रकरण मे सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को 10000 रु के नगद ईनाम से पुरस्कृत किया जाएगा।

सम्पूर्ण घटनाक्रम का खुलासा करने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय देहात विक्रम सिंह कुशवाह अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चित्रकूट रोहित राठोर, वैज्ञानिक अधिकारी डॉक्टर महेंद्र सिंह, थाना प्रभारी सभापुर रावेन्द्र द्विवेदी, निरी उमेस प्रताप सिंह, निरी. अभिनव सिंह, निरीक्षक विजय सिंह, उप निरीक्षक विजय त्रिपाठी, उप निरीक्षक अजीत सिंह, उप निरीक्षक अशोक गर्ग, उनि. दिलीप मिश्रा, उनि. अभिषेक पाण्डेय उनि. विजय सिंह, स उ नि दीपेश कुमार, प्र आर अनिल विश्वकर्मा, आर मुकेश यादव, चोरहटा थाना रीवा से प्र आरक्षक के पी सिंह, आरक्षक नीरज पांडेय, थाना रामपुर बघेलान से, प्र अनूप, प्र आर चितेन्द्र, ओम और प्रवीण, पुलिस लाईन से प्र आरक्षक आशीष और प्रिंश। प्र आर वीपेन्द्र मिश्रा, प्र आर असलेन्द्र सिंह, प्र आर प्रवीण मिश्रा आर संजय यादव, आर राहुल सिंह पटेल, आर मुकेश आवासे।

## आशा कार्यकर्ता के नाम के आगे आशा शब्द जुड़ा है,जो महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देता है - मंत्री श्री शुक्ला






दैनिक पुष्पांजली टुडे

### मंत्री श्री शुक्ला ने आशा,पर्यवेक्षक एवं बीसीएम के उत्कृष्ट कार्यों हेतु किया सम्मानित

भिण्ड । आशा,पर्यवेक्षक एवं बीसीएम के उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मान समारोह कार्यक्रम श्रीमती भागवती बाई शिक्षा प्रसार समिति भिण्ड द्वारा आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम शिवशक्ति मैरिज गार्डन मेहगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मधयप्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग राकेश शुक्ला उपस्थित रहे। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं कन्या पूजन से किया। वीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने आशा, पर्यवेक्षक एवं बीसीएम के उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रशंसा पत्र और शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में आशा एक मजबूती कड़ी के रूप में कार्य कर रही हैं। जो प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने व टीकाकरण संबंधी कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से निभा रही हैं।उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता के नाम के आगे ही आशा शब्द जुड़ा हुआ है जो महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देता है। आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की जितना सराहना की जाये उतना कम होगा। उन्होंने कहा कि आशा पीड़ित महिला के पास डाक्टर से पहले पहुंचने का कार्य कर रही है। जिससे आज शिशु मृत्यु दर में कमी आई है।आप सभी इसी तरह सजग रहकर कार्य करती रहें यही आशा है।कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे आशा कर्यकर्ता और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे.

## गरीबों को नहीं मिल रहा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन, हो रहा महा घोटाला, शिकायत करने पर गरीबों को मिल रही धमकियां

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

भिंड। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबो को मिलने वाला राशन गरीबो की पहुंच से कोषो दूर है लगातार सिकायतो के बाद भी कोई भी कार्यवाही नही मेहगॉव बिधान के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सीताराम की लावन के जहा पर ग्रामीणो के दुबारा सिकायत की गई जिला मुख्यालय पर की गई कोई भी कार्यवाही नही हुई गरीबो को मिलने बाले राशन बितरण मे बहुत बडा घोटाला बताया जा रहा है आपको बता दे दो दो तीन माह बाद बितरण की व्यव्स्था के चलते उपभोक्ता से बितरण से पहले ही अगूठा लगबाने का नियम बना रखा है बितरण होने वाला राशन वितरण कर्ताओं की मनमर्जी पर आधारित है किसको कितना देना है और कब देना है पूरा राशन माने जाने पर लोगो के साथ गलत ब्यबहार किया जाता है राशन उपभोक्ता के साथ साथ छ्लावा ओर डराने धमकाने के साथ साथ राशन कार्ड निरस्त करबाने की धमकी भी दी जाती है ओर बोलता है जहा पर सिकायत करनी है करलो सिकायत कर्ता गंगाराम उमेश कुमार बलबीर जबर सिह भूरा कुशवाह ओर भी आदि लोग है।

## आन बान शान के साथ निकली प्रभू राम की बारात

मथुरा। श्री रामलीला कमेटी सदर बाजार ने सदर बाजार में भगवान श्रीराम की बरात धूमधाम से निकली। राम बरात में सभी ने जयश्रीराम के जयकारों के बीच भक्तों ने कदम- कदम पर पुष्पवर्षा कर बरात का स्वागत किया। श्री राम के स्वरूप देखने को सदरवासी देर रात तक जागे रहे। कमेटी के अध्यक्ष भोले यादव ने बताया की महादेव घाट रोड स्थित पुष्प वाटिका से श्री राम बारात शुभारंभ हुई जिसने पूरे सदर बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर पुष्प वाटिका में बनी जनकपुरी में श्रीराम का विवाह संपन्न हुआ सदर बाजार निवासी अपनी छतों और घरों से राम बारात का आनंद ले रहे थे जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर प्रभु श्री राम का स्वागत किया गया आरती की गई महिलाओं ने अपने घरों के सामने जगह आरती कि प्रभु राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न की लोग एक टक निहार रहे थे इस मौके पर कमेटी के सदस्य अतिथियों को स्वागत कर रहे थे और बारात का संचालन कर रहे थे राम बारात का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी गोवर्धन विधायक पूरन प्रकाश भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी कु नरेंद्र सिंह आरती करके शुरू किया। झांकियों प्रभु श्री कृष्ण, भोलेबाबा, गणेश जी की आरती के अलावा दो अखाड़ों ने भी भाग लिया काली मां किं झांकी भी देखने लायक थी

## ओवरलोड वाहन चालक बन रहे पुलिस के लिए भी प्राणघातक, कैसे लगेगा इन पर अंकुश



मथुरा एसडीएम द्वारा ओवरलोडिंग व बिना कागजात मोरंग-गिट्टी का परिवहन करने के मामले में पकड़े गए तीन डंपरों में से दो को नौहझील क्षेत्र की यमुना पुल पुलिस चौकी से लेकर भाग निकले। इन्हें पकड़ने दौड़ी पुलिस टीम के वाहन को डंपर चालकों ने टक्कर मारने की कोशिश की। इसी बीच एक डंपर सड़क से उतर गया। जिसे पकड़कर सीज कर दिया गया। हालांकि इसका चालक व हेल्पर भाग निकला। वहीं एक डंफर को लेकर चालक भाग निकला।एसडीएम मांट अभिनव जे जैन ने बताया कि शुक्रवार रात नौहझील थाना क्षेत्र में शेरगढ़ रोड़ पर झाड़ी हनुमानजी मंदिर व यमुना पुल पुलिस चौकी के बीच गिट्टी से भरे ओवरलोड तीन डंपरों को पकड़ कर पुलिस को सौंपा गया था। इसमें से दो को चालक पुलिस की गिरफ्त ले भागे। पीछा करने पर पुलिस जीप में डंफर चालक द्वारा टक्कर मारने का प्रयास किया गया। घटना में पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे।क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है तथाकथित लोगों का कहना है कि एसडीएम द्वारा पकड़े गए ओवरलोड डंपरों को पुलिस ने लेन-देन कर छोड़ दिया। जब यह बात एसडीएम को पता चली तो उन्होंने पुलिसकर्मियों को फटकारा। इसके बाद पुलिस टीम सक्रिय हुई। पुलि

## परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट वृन्दावन में व्यवसायिक वाहनों के चालकों परिचालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सीय परीक्षण के लिए कैंप लगवाया

मथुरा। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में परिवहन विभाग मथुरा द्वारा दिनांक 02.10.2024 से 16.10.2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है, के क्रम में आज दिनांक 05.10.2024 को चतुर्थ दिवस पर जनपद के प्रवर्तन अधिकारी राजेश राजपूत (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन प्रथम दल), सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मनोज प्रसाद वर्मा व नरेश चौधरी (संभागीय निरीक्षक) व मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजी गयी टीम में डी नरेन्द्र सिंह व डॉ महराज द्वारा ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट वृन्दावन में व्यवसायिक वाहनों के चालकों परिचालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सीय परीक्षण के लिए कैंप लगवाया गया। जिसमें 67 चालकों/परिचालकों एवं लाइसेंस नदीनीकरण के लिए आये चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सीय परीक्षण किया गया। जिसमें 3 चालक नेत्र परीक्षण में अनफिट पाये गये तथा उनके लिए चश्मा बनवाने हेतु निर्देशित किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद के सभी चालकों/परिचालकों से अनुरोध किया है




कि वे समय-समय पर अपना चिकित्सीय परीक्षण कराते रहें।

इसके अतिरिक्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्री राजेश राजपूत व ए0आर0एम0 मथुरा द्वारा जनपद के. विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों के प्रति प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए चार अनाधिकृत बसों को जिनकी परमिट, फिटनेस, बीमा एवं टैक्स की वैधता समाप्त थी को रोडवेज वर्कशोप में निरुद्ध किया गया एवं एक बस का चालान किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद के सभी वाहन स्वामियों / चालकों एवं परिचालकों को निर्देश दिये कि वाहन को मार्ग पर भेजने से पूर्व वाहन के सभी प्रपत्रों की जांच कर ली जाये यदि प्रवर्तन कार्यवाही में कोई भी वाहन अनफिट व बिना वैध प्रपत्रों के संचालित पाया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वाहन का पंजीयन निरस्त कर दिया जायेगा। जिसका पूर्ण उत्तर दायित्व वाहन स्वामियों का होगा।

## फसाड लाइट से सजेंगे श्रीकृष्ण जन्मभूमि के तीन द्वार, मंदिर मार्ग की सड़कें पड़ी हैं टूटी उन पर नही कोई ध्यान

श्रीकृष्ण जन्मभूमि के तीनों द्वारों को और आकर्षक बनाया जाएगा। इसके लिए मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा इन द्वारों पर फसाड लाइट लगाई जाएगी। इसके अलावा श्रीकृष्ण जन्मभूमि के समीप पोतरा कुंड के गोल चक्कर को सजाने के लिए चिह्नित किया गया है।प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ब्रज के मंदिरों और धर्म स्थलों को सजाने संवारने का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि के तीन मुख्य द्वारों को फसाड लाइट से सजाने की योजना तैयार की है। मंदिर के समीप गोल चक्कर को भी सजाने का कार्य किया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग 90 लाख रुपये की लागत आएगी।इसके अलावा ब्रज के अन्य प्राचीन और प्रमुख मंदिरों और घाटों को भी चिह्नित किया जा रहा है। वृंदावन के





कालीदह घाट, चीरघाट सहित अन्य घाटों और मंदिरों का सर्वे एमवीडीए की टीम द्वारा किया जा रहा है। सर्वे के बाद इन घाटों पर भी फसाड लाइट लगाने की योजना तैयार की जाएगी। फसाड लाइट को बंदरों से सुरक्षित करने और उनका देखरेख के लिए भी इंतजामात किए जाएंगे।मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि मंदिरों, घाटों और पुलों को सजाकर आकर्षक बनाने का कार्य किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए और आकर्षक बनाने के लिए श्रीकृष्ण जन्मभूमि के द्वारों एवं वृंदावन के घाटों पर फसाड लाइट लगाई जाएगी।मंदिर के निकट रहने वाले स्थानीय नागरिकों का कहना है कि श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर के जाने वाला गोबिंद नगर सबसे व्यस्ततम इलाका है जहा से ही बड़े बड़े वीवीआईपी भी मंदिर को दर्शन करने जाते रहते है वह मार्ग काफी लम्बे समय से छती ग्रस्त पड़ा हुआ है मथुरा प्रशासन को वह दिखाई नही देता और मंदिर की सजावट के लिए लाखों रुपए की लाइट लगाई जा रही है, लाइट लगाकर मंदिर को भव्य बनाना अच्छी बात है पर जिन मार्गो से होकर श्रद्धालु गुजरते है उनकी दुर्दशा से मथुरा प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है, लाइट जितनी जरूरी मंदिर की सुंदरता के लिए जरूरी है उससे कही ज्यादा मंदिर जाने वाले मार्गो का सुंदर दिखना जरूरी है।

**हरित ब्रज' के लिए आपका समर्पण ही महत्वपूर्णः भरतार्षभा दास**

## अक्षय पात्र मांट में 500 किसानों को वितरित किये गये 5000 फलदार पौधे,स्थानीय विधायक राजेश चौधरी ने किया अक्षय पात्र की रसोई का निरीक्षण







मथुरा।मथुरा जनपद के मांट ब्लॉक स्थित अक्षय पात्र एवं खुशहाली फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ÷हरित ब्रज÷ पौधा रोपण एवं संरक्षण अभियान के अंतर्गत मांट क्षेत्र के निकटवर्ती 15 गाँवों के 500 किसानों को लगभग 5000 फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान किसानों को प्रतापगड़ का आंवला, इलाहाबाद का एल-49 अमरूद, कलमी नीबू, कन्धारी अनार, थाईलैंड की एप्पल बेर, गुच्छेदार बेल, आम आम्रपाल और दशहरी करोंदा, जामुन, सहजन, सहित अन्य हाइब्रिड क्वालिटी के फलदार पौधों का वितरित किया गया। इस पावन पर्व पर आयोजित ÷हरित ब्रज÷ कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय अक्षय पात्र फाउण्डेशन के जनसंपर्क एवं संचार अध्यक्ष भरतार्षभा दास, संघ चालक खण्ड मांट पुरूषोत्तम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधी शिव लहरी द्वारा राधावृन्दावन चंद्र के चित्रपट को माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक राजेश चौधरी ने अक्षय पात्र की केन्द्रीयकृत रसोई का निरीक्षण किया साथ ही अक्षय पात्र की कार्य प्रणाली को समझा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अक्षय पात्र फाउण्डेशन के जनसंपर्क एवं संचार अध्यक्ष भरतार्षभा दास ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर के भक्तों के हरित ब्रज के इस पुनीत संकल्प आपके संकल्प की शक्ति से ही पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिसके पास धान है और गौ धन है। वास्तव में वही धनवान है। यह पौधा रोपण संरक्षण एवं संवर्धन अभियान हमारी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाता है। वहीं खुशहाली फाउण्डेशन के ब्रज क्षेत्र प्रमुख मथुरा नितिश कुमार ने किसानों को पौधा रोपण की प्रक्रिया के विषय में अवगत कराया। संघ चालक खण्ड मांट पुरूषोत्तम ने अक्षय पात्र के द्वारा हरित ब्रज के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अक्षय पात्र वर्ष 2016 से खुशहाली फाउण्डेशन के माध्यम से ब्रज को हरित करने के अपने संकल्प के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर किसानों को खेतों की मेड़ों पर पौधा रोपण कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र, दीपक, जितेन्द्र शर्मा, विष्णु सिंह, मांट केन्द्रीयकृत रसोई के ऑपरेशन हेड प्रशांत शर्मा, शिम गौतम, नवीन वर्मा, अवनीश कमल, विष्णु सेन, दिनेश कुमार, ओम स्वरूप, मुकेश सहित अन्य गावों के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अत्यंत हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)वृन्दावन/पटियाला का सातवां स्थापना दिवस समारोह

**समारोह में किया गया सैकड़ों दिव्यांगों को व्हीलचेयर, वॉकर, स्टडीटेबल, टॉयलेट सीट एवं खाद्यान्न सामग्री आदि का निःशुल्क वितरण**

वृन्दावन। रुक्मणि विहार, सैक्टर - 1 स्थित भक्ति धाम में भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)वृन्दावन/पटियाला का सातवां स्थापना दिवस समारोह प्रख्यात संत श्रीमज्जगद्गुरु पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।जिसके अंतर्गत कल्याणम् करोति, मथुरा एवं डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट के सहयोग से सैकड़ों दिव्यांगों को व्हीलचेयर, वॉकर, स्टडीटेबल, टॉयलेट सीट एवं खाद्यान्न सामग्री आदि का निःशुल्क वितरण किया गया।सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य ठाकुरजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया।तत्पश्चात पण्डित रूपेश गोस्वामी के द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमज्जगद्गुरु पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि चौरासी लाख योनियों में मनुष्य रूप में जन्म मिलना ईश्वर की बहुत बड़ी कृपा है।इसीलिए हम सभी का यह प्रयत्न होना चाहिए, कि शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर व्यक्तियों की सेवा करके उन्हें सशक्त बनाएं।भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष के.एल. बंसल व उपाध्यक्ष नरेश गोयल ने कहा कि हमारे ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य



दीन दुखियों, विकलांगों, निर्धनों, निराश्रितों, असहायों आदि की सेवा करना ही है।इसीलिए हमारे ट्रस्ट के द्वार श्रीधाम वृन्दावन के अलावा देश के अन्य स्थानों पर भी समय-समय पर अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं ट्रस्ट के विशेष सलाहकार डॉ. राजकुमार गर्ग ने कहा कि लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण और उनकी आल्हादिनी शक्ति स्वरूपा श्रीराधा की लीला भूमि में किए गए सेवा कार्य अन्य स्थानों की अपेक्षा शतगुणा अधिक फलदायी होते हैं।भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा जो सेवा कार्य किए जा रहे हैं,वे अति प्रशंसनीय हैं।ऐसे कार्यों से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए।कल्याणम् करोति, मथुरा के सचिव सुनील शर्मा एवं सह सचिव निरुपम भार्गव ने कहा कि भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आज दिव्यांग बालकों को उनसे सम्बन्धित जो उपकरण व अन्य सामग्री निश्शुल्क वितरित की गई है,वह समाजसेवा के क्षेत्र में अत्यंत सराहनीय कार्य है।इसके लिए हम इस ट्रस्ट एवं उसके सभी पदाधिकारियों के अत्यंत आभारी हैं।इस अवसर पर भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के सचिव संदीप कुमार सिंघला, कर्मचंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष रामशरण गुप्ता, पर्किंस इंडिया के प्रोजैक्ट हैड संगीता लवानियां, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, राजकुमार वर्मा, कुलदीप बंसल, कर्मचंद्र गोयल, पार्श्वनाथ जैन, अशोक बंसल, कमल किशोर गुप्ता, नवनीश जिंदल, मुकेश बंसल, चंद्रकांत अग्रवाल, अर्चित गोयल, अंकित गोयल, अवनीश गोयल, निशांत बंसल, कंचन गोयल, प्रीतम सिंह, प्रशान्त जादौन आदि के अलावा विभिन्न धार्मिक के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन के. एल. बंसल ने किया।कार्यक्रम का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# भारत-बांग्लादेश T20 मैच के विरोध में हिंदू महासभा, ग्वालियर बंद का किया आह्वान, सुरक्षा की तैयारी

ग्वालियर में कल 6 अक्टूबर को भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 मैच ( खेला जाना है. दोनों देशों की टीमें ग्वालियर पहुंच चुकी हैं. क्रिकेट मैच से पहले हिंदू महासभा ने विरोध शुरू कर दिया है.हिंदू महासभा ने क्रिकेट मैच के विरोध में कल ग्वालियर बंद का आव्हान किया है. हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने क्रिकेट मैच को भारतीयों का अपमान बताया है. हिंदूवादी संगठन के तेवर को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क है. एसपी का कहना है कि ग्वालियर की छवि नहीं बिगड़ने देंगे.हिंदू महासभा का कहना है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं. महिलाओं के साथ गलत हो रहा है. ऐसे में भारत बांग्लादेश के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा है. मैच भारत के हिंदुओं का अपमान है. मैच के विरोध में ग्वालियर बंद का आव्हान किया गया है. व्यापारियों को पत्र भी भेजा जा रहा है. पत्र में हिंदुओं के सम्मान की खातिर 6 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे तक बाजार बंद रखने की अपील की गयी है. शुक्रवार को बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने होटल में जुमे





की नमाज अदा किया. दरअसल, जुमा की नमाज अदा करने के लिए बांग्लादेशी खिलाड़ी फूलबाग की मोती मस्जिद जाना चाहते थे. जुमे की मनाज का दोपहर 1.30 बजे समय निर्धारित था. खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स की भी तैनाती की गयी थी. हिंदू महासभा के विरोध को देखते हुए ऐन वक्त पर मस्जिद में नमाज का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया. खिलाड़ियों ने मस्जिद के बजाय होटल में नमाज अदा की.हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जयवीर भारद्वाज ने बताया कि 6 अक्टूबर को ग्वालियर बंद का आव्हान किया है. सभी कार्यकर्ता दुकानों पर जाकर व्यापारियों से समर्थन मांग रहे हैं. व्यापारियों को एक पत्र भी दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि ग्वालियर बंद का समर्थन 80 प्रतिशत व्यापारी कर रहे हैं. डॉ जयवीर भारद्वाज ने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं. हिंदुओं के धार्मिक स्थल तोड़े जा रहे हैं. हिंदू महासभा के विरोध को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में इजाफा किया गया है. पहले 2000 पुलिस जवान तैनात होने थे, अब 4000 पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे. ग्वालियर एसपी राकेश कुमार सगर के अनुसार स्टेडियम की बाउंड्री वॉल की ऊंचाई भी बढ़ा दी गई है. टीम के रूट पर भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम है.

# भारत विश्व गुरु के रूप में शिक्षक परंपरा को स्थापित करना चाहता है - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरुकुल परंपरा हमारे देश की शिक्षा का आधार रही है। शिक्षक हमेशा पूज्य थे और पूज्य रहेंगे। भारत विश्व गुरु के रूप में उस शिक्षक परंपरा को स्थापित करना चाहता है, जो गुरुकुल परंपरा चाणक्य से चंद्रगुप्त तक और चंद्रगुप्त से विक्रमादित्य तक हर जगह, हर समय, हर काल में कायम रही है। मुख्यमंत्री रविवार को रवीन्द्र भवन सभागार में शिक्षा भूषण अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री सुरेश सोनी, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सदस्य स्वामी उमेश नाथ जी महाराज कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा भूषण अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान -2024 से डॉ. रामचंद्रन आर., प्रोफेसर के.के. अग्रवाल और प्रोफेसर कुसुमलता केडिया को सम्मानित किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज के उद्देश्य से आयोजित शिक्षक समारोह के आयोजन में शैक्षिक फाउंडेशन और अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि




भारत की गुरु और गुरुकुल परंपरा में गुरु का बड़ा महत्व है। इतिहास में जब भी कोई प्रश्न खड़े हुए तो गुरु की भूमिका सामने आई। यदि भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को गुरु वशिष्ठ वनवास के लिए नहीं ले जाते तो रामायण में राम का चरित्र अधूरा रहता। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा में गुरु सांदीपनि का उज्ज्वल चरित्र शिष्यों के लिए अनुकरणीय और चुनौतियों में प्रेरणा का स्रोत रहा है। अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री सुरेश सोनी ने कहा कि वास्तव में विकास तभी हो सकता जब हमारे आसपास के परिवेश और जीवन मूल्यों का विकास हो। उन्होंने 1928 में गुजरात विद्यापीठ में दिए गए काका कालेलकर के संबोधन को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा ने अपने स्वरूप की व्याख्या करते हुए कहा कि शिक्षा न तो सत्ता की दासी है और न ही कानून की किन्करी है, न ही यह विज्ञान की सखी है औप न ही कला की प्रतिहारी यह अर्थशास्त्र की बांदी, शिक्षा तो धर्म का पुनर्रागमन है, यह मानव के हृदय, मन और इन्द्रियों की स्वामिनी है। मानव शास्त्र और समाज शास्त्र, इनके दो चरण हैं, तर्क और निरीक्षण शिक्षा की दो आँखें हैं, विज्ञान मस्तिष्क, इतिहास कान और धर्म शिक्षा के हृदय है। श्री सोनी ने बताया कि काका कालेलकर ने अपने संबोधन में कहा था कि उत्साह और उद्यम शिक्षा के फेफड़े हैं। शिक्षा ऐसी जगत जननी जगदम्बा है, जिसका उपासक कभी किसी का मोहताज नहीं होगा, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।÷

काका कालेलकर के चिंतन के अनुरूप देश में शिक्षा का वातावरण बनाना जरूरी-**श्री सोनी ने कहा कि मूल्य परक शिक्षा-भारत केंद्रित शिक्षा, शिक्षकों के सामाजिक सम्मान** और संस्कारों पर जोर देने वाली शिक्षा के लिए सामूहिक रूप से विचार करते हुए काका कालेलकर द्वारा दिए गए चिंतन के अनुरूप देश में शिक्षा का वातावरण बनाने के लिए प्रयास करने होंगे। इसी से 2047 तक विश्व के रंग मंच पर भारत, प्रमुख नेतृत्व कर्ता के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम में पुरुस्कृत डॉ. रामचंद्रन आर., प्रोफेसर के.के. अग्रवाल और प्रोफेसर कुसुमलता केडिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# कन्या-पूजन मातृ-शक्ति की आराधना का प्रतीक- मुख्यमंत्री



भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नवरात्रि पर होने वाला कन्या-पूजन मातृशक्ति की आराधना का प्रतीक है। साथ ही नवरात्रि, जीवन में ऋतु परिवर्तन की महत्ता को भी स्थापित करती है। सनातन परंपरा में विद्यमान उपवास की अवधारणा और उसके लाभ को आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था भी स्वीकार करती है। भारतीय संस्कृति मातृसत्ता की महत्ता को नमन करती है। हमारी संस्कृति में मां सरस्वती को ज्ञान की देवी और मां लक्ष्मी को धन संपदा की देवी के रूप में पूजा जाता है। भारतीय संस्कृति भोजन और भाव दोनों को महत्व देती है यह स्व से संपूर्ण ब्रह्मांड को एकाकार करने के विचार पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सेवा भारती महावीर मंडल भोपाल द्वारा गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित विशाल कन्या-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प वर्षा कर कन्याओं का स्वागत और विधि-विधान से उनका पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति जीव मात्र से प्रेम और शांति का संदेश देती है। यह हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और देश का सामर्थ्य ही है, जिसके परिणामस्वरूप विश्व, शांति के लिए भारत की ओर देखता है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो या ईरान-इजराइल के बीच संघर्ष, शांति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ओर सभी देश आशा से देख रहे हैं। यह हम सबके लिए गौरव का विषय है। नवदुर्गा शक्ति संचय का पर्व है, देश भी शक्ति सम्पन्न हो तथा अधिक से अधिक शक्ति संचय की ओर हम अग्रसर हों, इसी उद्देश्य से सेवा भारती संस्था समाज के सभी वर्गों के कल्याण और हित संवर्धन के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवरात्रि, दशहरा और दीपावली की सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सेवा भारती के श्री रवि सेठी, श्री विमल त्यागी, गोविंदपुरा क्षेत्र के उद्योगपति, जन-प्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

# कांग्रेस विधायक के भतीजे पर मारपीट का आरोप




ग्वालियर। ग्रामीण विधानसभा से कांग्रेस विधायक साहब सिंह गुर्जर के भतीजे पर मारपीट का आरोप लगा है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव श्यामू गुर्जर ने कांग्रेस विधायक के भतीजे पर हमला कर मारपीट का आरोप लगाया है। श्यामू जब थाने पहुंचे तो हमलावर पक्ष भी थाने पहुंच गया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव श्यामू गुर्जर शनिवार को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो ने उनकी गा?ी को टक्कर मार दी। थो?ी दूर जाने के बाद ओवरटेक करते हुए रोक लिया। स्कॉर्पियो से ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा से कांग्रेस विधायक साहब सिंह गुर्जर के भतीजे जितेंद्र गुर्जर के साथ प्रशांत गुर्जर, शिवम गुर्जर और विजय गुर्जर के साथ दो अन्य युवक गा?ी से उतर कर आए। जिन्होंने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पूर्व प्रदेश महासचिव श्यामू गुर्जर का कहना है कि विधायक के भतीजे ने धमकाते हुए कहा कि ग्वालियर ग्रामीण में एक ही बाहुबली नेता रहेगा और वो साहब सिंह गुर्जर है। बाकी को खत्म कर देंगे। मारपीट के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हिंदू महासभा का लश्कर बंद सफल रहा-भारद्वाज




,ग्वालियर14 अगस्त से हिंदू महासभा ने भारत बांग्लादेश क्रिकेट मैच ग्वालियर में रद्द करने की मांग को लेकर विरोध किया , हिंदू महासभा की मांग थी कि बांग्लादेश क्रिकेट मैच रद्द हो, तिरुपति बालाजी प्रसाद मिलावाटियो को फांसी दी जाए, अमेरिका और बांग्लादेश में मंदिर तोड़ने वालों को सजा दी जाए । लेकिन तानाशाही केंद्र की सरकार बीसीसीआई के हाथों हिंदुओं को अपमानित करती रही , हिंदू महासभा ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज जी के नेतृत्व में अपने आंदोलन को सफल बताते हुए कहा कि आज पूरे देश में ग्वालियर में हो रहे बांग्लादेश के साथ क्रिकेट मैच के विरोध की बात जन-जन तक पहुंची है। सकल हिंदू समाज भारतीय जनता पार्टी को दोहरी नीति का जवाब देगी । आज पूरा सकल हिंदू समाज बांग्लादेश की में हो रही हिंदुओं की हत्याएं ,बलात्कार ,मंदिर तोड़े जाने का विरोध करने के लिए सड़कों पर है , वही लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे हिंदू महासभाईयो पर पुलिस प्रशासन मुकदमे लगाकर लोकतंत्र की हत्या कर रहा है । हिंदू महासभा के नेताओं ने लश्कर में रहने वाले सभी व्यापारी भाइयों नजर बाग मार्केट व्यापारी संघ सुभाष मार्केट दुकानदार संघ गांधी मार्केट दुकानदार संघ, सोना चांदी व्यापारी संघ , सराफा बाजार व्यापारी संघ दौलतगंज व्यवसाय संघ दाल बाजार व्यापार मंडल लोहिया बाजार व्यापारी संघ सहित सभी व्यापारी भाईयो द्वारा लश्कर 1ः00 बजे तक बंद करने पर आभार माना। बंद कराने हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर जयवीर भारद्वाज लोकेश शर्मा, महावीर पाल , बंटी गुर्जर, डॉ.ईश्वर चंद्र करकरें,अविनाश पांडे ,राहुल रज्जक, गजेंद्र गुर्जर , नीरज परिहार, नीरज प्रजापति,आशीष चौहान, भूपेंद्र नामदेव, प्रदीप नामदेव, दिनेश साहू, मोहन प्रजापति,देवेंद्र नामदेव, श्री अर्चना सिंह चौहान गुड्डन बाथम, ममता प्रजापति, विमलेश बाथम सड़कों पर उतर कर बंद में शामिल होने का समर्थन मांगा। लश्कर बंद सफल पर आभार व्यक्त किया।




# हाईअलर्ट में भारत बांग्लादेश मैच आज सायं 7 बजे से, क्राइम ब्रांच ने टिकट ब्लैक करते तीन पकडे

ग्वालियर। ग्वालियर में आज सायं 7 बजे से भारत और बांग्लादेश के बीच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला जायेगा। हिंदू संगठनों के विरोध के चलते हाईअलर्ट पर है। इसी बीच क्राइम ब्रांच ने एक सूचना पर मैच से पहले टिकट ब्लैक में बेचते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 8 टिकट बरामद हुये हैं। ग्वालियर की क्राइम ब्रांच पुलिस ने आज होने वाले भारत-बांग्लादेश टी-20 क्रिकेट मैच के टिकट ब्लैक में बेचते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पक? गए आरोपियों से 8 टिकट, जिनकी कुल कीमत 11,647 रुपये थी, जप्त किए है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सगर के निर्देशन में एएसपी आयुष गुप्ता और डीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा शर्मा, अमृत दुसैजा और अमन शर्मा शामिल हैं। उनके खिलाफ धारा 112(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है

# जनकताल गौशाला में की 500 किलो हरे चारे की सेवा

ग्वालियर। बजरंग भक्त मंडल ने रविवार को जनकताल स्थित गौशाला में 500 किलो हरे चारे की सेवा की। गौसेवा में मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, सचिव राकेश मंगल, कोषाध्यक्ष रामकिशोर मंगल, संजीव गुप्ता, पुनेश पाल, हरीश राठौर, विजय बंसल आदि सदस्य उपस्थित थे।



**युवा 'स्व' को आत्मसात कर अपनी सामर्थ्य को समझें: सेठिया**

# राष्ट्रोत्थान न्यास की ज्ञान प्रबोधिनी व्याख्यान माला का दूसरा दिन

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। समाज और राष्ट्र के चहुंमुखी विकास के लिए युवा सबसे पहले अपने 'स्व' को आत्मसात करें और अपनी सामर्थ्य को समझें कि हम किसी से कम नहीं हैं। अपने अतीत पर गौरव करें। भारत का इतिहास पराजय का नहीं बल्कि संघर्षों का इतिहास है।

यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमंत कुमार सेठिया ने शनिवार को आईआईटीटीएम में आयोजित तीन दिवसीय ज्ञान प्रबोधिनी व्याख्यान माला के दूसरे दिन मुख्य वक्ता की आसंदी से कही। राष्ट्रोत्थान न्यास द्वारा वर्तमान युवा विमर्श विषय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पटकथा लेखक अनुराग पाठक ने की। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष विजय गुप्ता भी मंचासीन रहे। श्री सेठिया ने कहा कि आज देश में नैरेटिव गढ़े जा रहे हैं। जो सत्य, अर्ध सत्य और असत्य भी हो सकते हैं। इसलिए आज विमर्श की जरूरत है। उन्होंने



कहा कि आज भी देश में हिंदुत्व को लेकर भ्रम का वातावरण है। जबकि हिंदुत्व सर्वे भवंतु सुखिनः के सिद्धांत पर प्राचीन काल से चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा। श्री सेठिया ने कहा कि वर्तमान में वैचारिक स्तर पर लड़ाई की जरूरत है। दुश्मनों की ताकत केवल विचार में ही बची है। वैचारिक क्षेत्र में इनका एक इकोसिस्टम है। विमर्श एवं प्रचलित विमर्श यानी किसी बात को आप कैसे कहते हैं। सभी ग्रंथों में से कुछ बातें निकालकर विमर्श बनाया गया, जो विमर्श बनाया गया उसको अकादमिक रूप से स्थापित करना है।

उन्होंने कहा कि विमर्श बदलना बहुआयामी प्रक्रिया



है। राष्ट्र को परम वैभव तक और हम अपनी वैश्विक भूमिका निभा सकें इसके लिए सही विमर्श को आगे बढ़ाने के लिए, उसे गति देने की जरूरत है। इसको लेकर गुरुजी भी कहते थे कि मानव एकता व विश्व का कल्याण सबका ध्येय इसे पूर्ण करने का तरीका हिंदू चिंतन है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि बिना प्रामाणिकता के सैकड़ों जानकारी हमारे पास आ रही हैं और हम लोग भी बिना सत्यता जाने ही उसे फॉरवर्ड कर रहे हैं। इसलिए खासकर इस ओर युवाओं को ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वह अपनी संस्कृति को पहचानने का प्रयास करें।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का परिचय अशोक पाठक ने दिया। अतिथियों का स्वागत नंदकिशोर अग्रवाल एवं डॉ.कुमार संजीव ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ.श्रीप्रकाश शुक्ला ने प्रस्तुत की। व्यक्तिगत गीत तपेश चतुर्वेदी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिवम सिसौदिया एवं आभार सुधीर शर्मा ने व्यक्त किया।

## युवा अपनी चेतना को पहिचानें - पाठक

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनुराग पाठक ने कहा कि युवा अपनी शक्ति को पहचानकर और अनुशासित होकर लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने कहा कि युवाओं में असीम शक्ति है, लेकिन उन्हें सही दिशा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा रोजगार के साथ ही अपनी चेतना को भी पहचानने का प्रयास करें। इस अवसर पर श्री पाठक ने लोगों को पंच परिवर्तन अर्थात सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली व नागरिक कर्त्तव्य के माध्यम से भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

## आज काजल हिंदुस्तानी का होगा व्याख्यान

राष्ट्रोत्थान न्यास की तीन दिवसीय ज्ञान प्रबोधिनी व्याख्यान माला के अंतिम दिन 6 अक्टूबर को सायं 5 बजे गोविंदपुरी स्थित भारतीय यात्रा एवं प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) में पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर विषय पर समाजसेवी श्रीमती काजल हिन्दुस्तानी का व्याख्यान होगा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478